Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwaparivar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 22 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।

Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## नीट प्रदर्शनः पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को धरना स्थल से हटाया

- राहुल, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव समेत कई हिरासत में



**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को धरना स्थल से हटा दिया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, डी.के. शिवकुमार और अखिलेश यादव समेत कई नेताओं को हिरासत में लिए गए हैं। इस दौरान राहुल के नाक पर चोट लगने की बात भी सामने आ रही है। सभी प्रदर्शनकारियों को पुलिस बस में भरकर मॉडल टाउन पुलिस थाने लेकर जा रही है।

कांग्रेस ने नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। पार्टी का आरोप है कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं और छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मामले में सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने परीक्षा रद्द करने या पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई। इसके अलावा राहुल ने छात्रों पर दर्ज FIR वापस लेने की भी मांग उठाई है।

### रायपुर लोकभवन के बाहर कांग्रेसियों का धरना

- कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की
- राहुल गांधी को रिहा करने की मांग



**रायपुर।** दिल्ली में पीएम आवास के बाहर मंगलवार दोपहर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। धरने पर बैठे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े समेत कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी शामिल हुए।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि, प्रधानमंत्री आवास के बाहर से पुलिस ने हमारे सीनियर नेताओं के साथ मुझे भी बस में बैठा लिया है। एयरपोर्ट की तरफ कहीं लेकर जा रहे। दिल्ली पुलिस ने मेरा एक जूता भी ले लिया है।

इस प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी के समर्थन में अब छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने भी लोकभवन के पास प्रदर्शन किया। विरोध करने पहुंचे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने लोकभवन के गेट तक बढऩे की कोशिश की, जिसके बाद वहां धक्का-मुक्की और अफरातफरी का माहौल बन गया।

## भारतीय नौसेना की मेजबानी में बहुराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा अभ्यास का आगाज



- चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 26 देशों के प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि में 20 जुलाई, 2026 से चार दिवसीय बहुराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 का शुभारंभ हुआ। दक्षिणी नौसेना कमान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन भारतीय नौसेना के नेतृत्व वाली संयुक्त कार्य बल 154 के तत्वावधान में संयुक्त समुद्री बल के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें 26 देशों के 254 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें 74 प्रशिक्षकों, चार अंतरराष्ट्रीय संगठनों और विभिन्न विषय विशेषज्ञों का सहयोग मिल रहा है। ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस का यह पहला आयोजन भारत में किया जा रहा है। इसे भारतीय नौसेना और संयुक्त समुद्री बल के बीच बढ़ते सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। संयुक्त कार्य बल 154, जो संयुक्त समुद्री बल का समर्पित प्रशिक्षण कार्य बल है, वर्तमान में भारतीय नौसेना के नेतृत्व में कार्य कर रहा है और इसका उद्देश्य बहुराष्ट्रीय समुद्री प्रशिक्षण के माध्यम से भागीदार देशों की क्षमता, अंतर-संचालनीयता और व्यावसायिक तत्परता को मजबूत करना है। उद्घाटन समारोह में सीटीएफ-154 के कमांडर कमोडोर मिलिंद एम मोकाशी ने स्वागत भाषण दिया। संयुक्त समुद्री बल के उप कमांडर कमोडोर डैन थॉमस ने उद्घाटन संबोधन किया, जबकि दक्षिणी नौसेना कमान मुख्यालय के मुख्य स्टाफ अधिकारी रियर एडमिरल दीपक सिंघल ने मुख्य भाषण दिया। सभी वक्ताओं ने समकालीन समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, साझा शिक्षा और बहुराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन जहाज प्रबंधन और विशेष प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों ने विषय विशेषज्ञों के साथ पेशेवर संवाद के अलावा व्यावहारिक प्रशिक्षण में भी हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मादक द्रव्यों और अपराध कार्यालय द्वारा आयोजित सत्र में लाल सागर और पश्चिमी हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा से जुड़े खतरों पर चर्चा की गई। इसके बाद भारतीय नौसेना के अत्याधुनिक सिमुलेटर और प्रशिक्षण अवसंरचना के माध्यम से जहाज संचालन, नौवहन, खगोलीय नौवहन, समुद्री संकट संचार प्रणाली, क्षति नियंत्रण और अग्निशमन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

## भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र को नई गति दे रही सरकार की नीतियां और उद्योग का सहयोग



**अहमदाबाद।** भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की नीतिगत पहल तथा उद्योग जगत के सहयोग से देश में एक मजबूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित हो रहा है। गुजरात के साणंद क्षेत्र में स्थापित हो रही सीजी सेमी की दो विनिर्माण इकाइयों में कुल करीब 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। दोनों संयंत्रों के पूरी तरह संचालन में आने के बाद इनकी संयुक्त उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष करीब 4 अरब चिप्स होगी। यह जानकारी ष्टत्र स्द्गद्वद्ब, अहमदाबाद के चेयरमैन कार्यालय के वाइस प्रेसिडेंट संदीप कुमार सेन ने छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के अध्ययन दौरे के दौरान दी।

संदीप कुमार सेन ने बताया कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की क्षमता केवल विनिर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि देश पहले से ही वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत में वैश्विक स्तर पर होने वाले सेमीकंडक्टर डिजाइन का लगभग 20 प्रतिशत कार्य होता है। अब देश विनिर्माण क्षेत्र में भी अपनी क्षमता को मजबूत कर रहा है।

## रायगढ़ में केलो डेम के 4 गेट खोले गए, घरों में पानी घुसा, सड़कें लबालब



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में अगले एक सप्ताह तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार दोपहर रायपुर में तेज बारिश हुई। रायगढ़ में तेज बारिश से जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। शहर के पैठू डबरी, चंद्रनगर की नामदेव गली और वार्ड नंबर-18 के कई घरों में घुटनों तक पानी भर गया। लगातार बारिश को देखते हुए केलो डेम के 4 गेट खोले गए हैं। वर्तमान में डेम में 230.85 मीटर है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के उत्तर और मध्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि रायपुर और सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 110 मिमी बारिश प्रतापपुर में रिकॉर्ड की गई। हालांकि, लगातार बारिश के बावजूद पूरे मानसून सीजन में अब तक प्रदेश में सामान्य से 24त्न कम बारिश हुई है। यानी राज्य में अब भी औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। तापमान की बात करें तो प्रदेश का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रायपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड में रिकॉर्ड हुआ।

## युवा उद्यमिता, नवाचार व स्वरोजगार की सरकारी योजनाओं का उठाएं अधिकतम लाभः बृजमोहन

- युवा उद्यमिता, नवाचार और स्वरोजगार की सरकारी योजनाओं का उठाएं अधिकतम लाभः बृजमोहन अग्रवाल



**नई दिल्ली।** देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को और सशक्त बनाने तथा उभरते राज्यों के युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में Startup India Seed Fund Scheme से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। केंद्र सरकार ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद की माध्यम से Startup India Seed Fund Scheme (SISFS) की प्रगति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से साझा की।

सरकार के अनुसार देशभर में 219 Incubators के लिए 945 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जबकि अब तक 650 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। यह योजना देशभर के नवाचार आधारित स्टार्टअप्स को प्रारंभिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

बृजमोहन ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में Startup India अभियान ने देश के युवाओं में नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा का संचार किया है। आज भारत का युवा केवल रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ में कृषि, वनोपज, खनिज, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन तथा स्थानीय संसाधनों पर आधारित स्टार्टअप्स की व्यापक संभावनाएँ हैं। यदि इन क्षेत्रों के नवाचारों को समय पर मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण Incubation, वित्तीय सहायता तथा बाज़ार से बेहतर जुड़ाव मिले, तो छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी Startup राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बना सकता है।

## लोथल में आकार ले रहा भारत का विश्वस्तरीय समुद्री विरासत संग्रहालय

- 4,500 वर्ष पुरानी हड़प्पाई समुद्री परंपरा को आधुनिक तकनीक और अनुभवात्मक प्रस्तुतियों से दुनिया के सामने लाएगा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर



**लोथल (गुजरात)।** भारत की लगभग 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत, हड़प्पा सभ्यता के उन्नत नगर नियोजन और प्राचीन समुद्री व्यापार की गौरवशाली परंपरा को आधुनिक संग्रहालय तकनीक एवं अनुभवात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश-दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से गुजरात के ऐतिहासिक लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर विकसित किया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित मीडिया अध्ययन दौरे के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को परिसर का अवलोकन किया और इसकी परिकल्पना, निर्माणाधीन संग्रहालय, दीर्घाओं तथा प्रस्तावित विभिन्न थीम आधारित सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज म्यूजियम, लोथल के महाप्रबंधक अमित राठौड़ ने पत्रकारों को परिसर की विशेषताओं और परियोजना की परिकल्पना की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर केवल एक पारंपरिक संग्रहालय नहीं, बल्कि भारत की समुद्री यात्रा को प्राचीन काल से आधुनिक युग तक समग्रता और अनुभवात्मक स्वरूप में प्रस्तुत करने वाला एक व्यापक विरासत परिसर है। उन्होंने बताया कि लगभग 400 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस परिसर में संग्रहालय के साथ हड़प्पाई नगर का पुनर्निर्माण, तटीय राज्यों के पवेलियन, जेट्टी, जलमार्ग, विभिन्न थीम पार्क, समुद्री एवं नौसैनिक विरासत से जुड़े आकर्षण तथा पर्यटकों के लिए आवासीय सुविधाएं विकसित करने की योजना है।

## रायपुर-बिलासपुर के मध्य मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग

- रायपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान 78875 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ




**रायपुर (विश्व परिवार)।** यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से 21 जुलाई, 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के स्टेशनों एवं ट्रेनों में रेलवे मजिस्ट्रेट मयंक सोनी के साथ में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) अविनाश कुमार आनंद के साथ में उप मुख्य टिकट निरीक्षक ए.जैना, 10 टिकट चेकिंग स्टाफ शामिल हुए साथ ही 09 रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं 05 जीआरपी स्टाफ शामिल थे।

इस टिकट चेकिंग अभियान में गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस,18518 विशाखापट्टनम कोरबा लिंक एक्सप्रेस, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 12069 जनशताब्दी एक्सप्रेस में चेकिंग की गई। इस मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान में कुल 121 मामलों से 78875/- रुपये बतौर जुर्माना राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें बिना टिकट के 68 मामलों से 54365 एवं अनियमित टिकट के 33 मामलों से 22310 /-रुपए अनबुक्ड लगेज के 20 मामलों से 2200/- रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर में प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें।

## भारत की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन में लगभग 2,600 यात्रियों की क्षमता

- सतत रेल परिवहन को फिर से परिभाषित कर रही है
- हाइड्रोजन रिसाव, गर्मी, आग की लपटों और धुएं का पता लगाने वाले बहुस्तरीय सुरक्षा तंत्रों से युक्त यह ट्रेन सुरक्षित प्रमाणित है




**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन की शुरुआत 17 जुलाई 2026 को की गई है। यह ट्रेन सबसे स्वच्छ ईंधन हाइड्रोजन का उपयोग करके स्वयं बिजली उत्पन्न करती है। उपयोग के समय इससे लगभग शून्य उत्सर्जन होता है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे द्वारा ट्रेनों को चलाने के तरीके में हुए विकास का एक नया अध्याय है, जो कोयले और भाप से स्वच्छ, अधिक टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की ओर भारत की व्यापक यात्रा को दर्शाता है।

पिछले 12 वर्षों में तीव्र विद्युतीकरण ने आयातित डीजल पर निर्भरता को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे स्वच्छ रेल परिवहन में अगली प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। आज, 99 प्रतिशत से अधिक ब्रॉड गेज मार्गों के विद्युतीकरण के साथ, भारतीय रेलवे इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ रहा है। ओवरहेड लाइनों से बिजली लेने वाली पारंपरिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों के विपरीत, हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेनसेट हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया के माध्यम से ट्रेन के अंदर ही बिजली उत्पन्न करती है, जिसमें जल वाष्प एकमात्र उप-उत्पाद के रूप में उत्पन्न होता है।

एक तरह से देखा जाए तो, यह ट्रेन एक बार फिर से अपने ऊर्जा स्रोत का इस्तेमाल खुद करती है, जैसे कभी भाप और डीजल से चलने वाले इंजन करते थे। लेकिन कोयले या डीजल जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने के बजाय, हाइड्रोजन वायुमंडल से ऑक्सीजन लेकर ट्रेन के अंदर बिजली पैदा करता है, जिससे दहन और बाहरी बिजली आपूर्ति पर निर्भरता खत्म हो जाती है। चूंकि स्वच्छ हाइड्रोजन तकनीक से ट्रेन के अंदर ही बिजली पैदा होती है, इसलिए यह ट्रेन रेल परिवहन का सबसे पर्यावरण-अनुकूल रूप है, जो सतत गतिशीलता के भविष्य को शक्ति प्रदान करती है। इस उन्नत प्रणोदन प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए, देश ने ट्रेन में बहुस्तरीय सुरक्षा प्रणालियां लगाई हैं जो हाइड्रोजन रिसाव, गर्मी, आग और धुएं का पता लगाने में सक्षम हैं। जिंद-सोनीपत खंड पर 75 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति और 110 किमी प्रति घंटे की डिज़ाइन गति के साथ, यह ट्रेन न केवल सुरक्षित है बल्कि 89 किमी के इस मार्ग पर तेज भी है।

वर्तमान में विश्व स्तर पर चलने वाली अधिकांश हाइड्रोजन यात्री ट्रेनों में केवल दो या तीन कोच होते हैं और ये मुख्य रूप से छोटे क्षेत्रीय मार्गों पर ही संचालित होती हैं। इसके विपरीत, भारतीय रेलवे की ट्रेन को 10 कोच वाली यात्री ट्रेन के रूप में तैयार किया गया है, जिसकी क्षमता लगभग 2,600 यात्रियों की है। यह उच्च-क्षमता वाली यात्री सेवाओं के लिए हाइड्रोजन-संचालित रेल परिवहन की अनुकूलनशीलता को प्रदर्शित करता है।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में लगाएं मुनगा और करें पोषण वाटिका का विकास, अपने बच्चों के समान करें आंगनबाड़ी में बच्चों का पालन-पोषण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज जिला सूरजपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति का आकलन किया। बैठक में सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील, जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र सिंह पाटले सहित दोनों विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विभाग की स्थापना संबंधी जानकारी लेते हुए रिक्त पदों की समीक्षा की तथा सभी परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की अधोसंरचना की समीक्षा करते हुए भवनविहीन, किराए के भवनों में संचालित, मरम्मत योग्य, निष्प्रयोज्य योग्य जर्जर भवनों की जानकारी ली तथा निर्माणाधीन भवनों की प्रगति एवं भवन मरम्मत के लिए जारी राशि के व्यय की समीक्षा करते हुए सभी मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



मंत्री ने मीठा शक्ति आहार, नमकीन दलिया निर्माण, रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री के वितरण तथा उसकी गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन, पोषण ट्रैकर में नियमित प्रविष्टि तथा बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर जिले को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त करें।

उन्होंने कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों एवं एनीमिक महिलाओं को लाभान्वित करने की प्रगति, लक्षित हितग्राहियों के पर्यवेक्षण तथा चयनित स्व-सहायता समूहों की भूमिका की समीक्षा की। कुपोषण की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने तथा एनीमिक महिलाओं की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33558/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33558**
**वार्ड का नाम-47 - मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **47** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR342E00116** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HIRA RAM DEWANGAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O RAMJI DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANJEET SINGH BHATIA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE. RAJENDRA SINGH BHATIA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **वसीयतनामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33118/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33118**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446K00575** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SIDDHARTH DEWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARAYAN CHAND DEWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJANI BAJAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIJAY BAJAJ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33250/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33250**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446K00951** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PADMA GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DR.SUMAN KUMAR GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HARMEET SINGH SALUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAVINDRA SINGH SALUJ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33251/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33251**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P0196A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIKHIL KHALKHO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMRIT KUMAR KHALKHO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JHANAK YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAKHAN LAL YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33253/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33253**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P00199** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PANKAJ CHIJWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRAKUMAR CHIJWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JHANAK YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAKHAN LAL YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**CGHIDB**
**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल** द्वारा **कबीरनगर फेस - II कालोनी, रायपुर** में भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों /निर्मित **K.B.T.** भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक KBT (MIG)-**260. सु.श्री पी. स्वाति पिता श्री पी. इश्वर राव** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 13/02/2023** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 05/01/2026** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री दिव्यांशु मिश्रा पिता - श्री इश्वरी प्रसाद मिश्रा** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**CGHIDB**
**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल** द्वारा **गुढियारी कालोनी, रायपुर** में **निर्मित जनता योजना** में से भवन **क्र. जनता-121, श्रीमती एस. एस. निलम्मा पति स्व. श्री एस. जगन्नाथ राव** को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा **दिनांक 23.01.1996** को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु **दिनांक 27.10.2020** को हो जाने के कारण इनके (पुत्र) **श्री कृष्ण मूर्ति सूरमपल्ली पिता स्व. श्री जगन्नाथ राव सूरमपल्ली** उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों 1. श्री सूरमपल्ली सत्यनारायण मूर्ति पिता स्व. श्री सूरमपल्ली जगन्नाथ राव (पुत्र) 2. श्री सूरमपल्ली त्रिनाथ मूर्ति पिता स्व. श्री सूरमपल्ली जगन्नाथ राव (पुत्र) 3. श्रीमती सूरमपल्ली जगदम्बा पिता स्व. श्री सूरमपल्ली जगन्नाथ राव (पुत्री) 4. श्री सूरगपल्ली वेन्कट जगन्नाथ मूर्ति पिता स्व. श्री सूरमपल्ली जगन्नाथ राव (पुत्र) 5. श्री पी. श्याम सुन्दर पिता श्री पी. एरा. नारायण (पुत्री के मृत्यु उपरांत उनके पति) 6. सुश्री पी. दीप्ती रानी पिता श्री पी. श्याम सुन्दर (पुत्री के मृत्यु उपरांत उनके पुत्री) 7. श्रीगती दुगीराला रूपालता पिता श्री पी. श्याम सुन्दर (पुत्री के मृत्यु उपरांत उनके पुत्री) की शहगति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड श्री कृष्ण मूर्ति सूरमपल्ली पिता स्व. श्री जगन्नाथ राव सूरमपल्ली के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामातरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./33578/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33578**
**वार्ड का नाम-37 - शहीद चूड़ामणी नायक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **37** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **PRR516E00139** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NAREDRA SONKAR JAI PRAKASH SONKAR S/O LATE MOHAN LAL SONKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE MOHAN LAL SONKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KESHAR SONKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE NARENDRA SONKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33539/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33539**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. . **RPR802D0461A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAILESH TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHESHNARAYAN TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DIVYA DIWAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AKASH DIWAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33542/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33542**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. . **RPR802D0461B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAILESH TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHESHNARAYAN TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DIVYA DIWAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AKASH DIWAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33419/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 20-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33419**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **2** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. . **RPR802I00992** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VÕNOD KUMAR SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOVIND LAL SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT NITU SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHREE PRAMOD KUMAR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33418/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 20-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33418**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **2** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801X0357D** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY KUMAR BHATACHARY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DIJENDRA BHATACHARY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SOHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SHREE KALAM PRASAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33417/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 20-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33417**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **2** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I00527** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUKHDEV SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SACHHA SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUNIL SINGH TOMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAGHUBIR SINGH TOMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33387/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33387**
**वार्ड का नाम-12 - कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **12** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330B00153** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LALIT KUMAR JIVAN LAL SINGHNIYA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O JIVAN LAL SINGHNIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ROHIT SINGHANIA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE. LALIT KUMAR SINGHANIA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./33584/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33584**
**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **58** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR447B00328** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. SARLA NIHLANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DR. SURESH NIHLANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT UJJAVALA JAIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O NITIN KUMAR JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33420/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 17-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33420**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमूकालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **28** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235D00349** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. DEEPA WADHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री अनिल वाधवानी पिता - श्री बी एम वाधवानी 2. हीर वाधवानी पिता - श्री अनिल वाधवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **.....** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री कॉपी** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33421/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 17-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33421**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमूकालणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **28** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235D0346A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. DEEPA WADHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री अनिल वाधवानी पिता - श्री बी एम वाधवानी 2. हीर वाधवानी पिता - श्री अनिल वाधवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **.....** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री कॉपी** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33577/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33577**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737G00187** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DINESH DOSI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAICHAND DOSI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री विनोद राय जयचंद दोशी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री जयचंद दोशी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33579/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33579**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737B00175** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MUKESH MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHABILAL MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री रामानंद मिश्रा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री छबी लाल मिश्रा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **बंटवारानामा विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33582/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33582**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR737A00069** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MAYA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **.....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री सुशील कुमार पाण्डेय** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री गणेश कुमार पाण्डेय** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत वसीयतनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33383/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33383**
**वार्ड का नाम-43-ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **43** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758D0208B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMAL FUTAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सुनील धीवर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. रतन लाल धीवर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **ओवदन पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, भू-स्वामित्व दस्तावेज, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्तिकर रसीद व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33384/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33384**
**वार्ड का नाम-43-ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **43** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758D0208A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMAL FUTAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **गणेश राम फुटान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. कमल प्रसाद फुटान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **...** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33382/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33382**
**वार्ड का नाम-43-ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **43** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758D00208** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMAL FUTAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **रमेश कुमार फुटान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. कमल प्रसाद फुटान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **ओवदन पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, भू-स्वामित्व दस्तावेज, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्तिकर रसीद व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33511/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33511**
**वार्ड का नाम-44-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **44** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739C00209** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHANTI BAI RATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMRIT LAL RATHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नीता लखोटिया** पिता/पति, श्री/श्रीमती **राजेश लखोटिया** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# बिश्रामपुर स्लाइडिंग में आज 8 वर्षों के बाद पहली बार रेलवे का रैक पहुंचा





## वार्फवाल साइडिंग 41 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक परियोजना तैयार

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** विश्रामपुर कोयला परिवहन करने नवीन रेलवे स्लाइडिंग में रेलवे का रैक आठ वर्षों बाद पहुंची जिसको लेकर प्रबंधन एवं आम नागरिकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बिश्रामपुर क्षेत्र का कोयला प्रेषण अब एक बार फिर रफ्तार पकड़ने जा रहा है।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने करीब 41 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस जयनगर वार्फवाल रेलवे साइडिंग का निर्माण पिछले मां बनकर तैयार हो चुका है जिस पर आज रेलवे का रैंक पहुंची रेलवे से पहली रैंक मिलते ही कोयले की पहली खेप देश के विभिन्न विद्युत ताप गृहों और औद्योगिक इकाइयों के लिए रवाना होगी। इसके साथ ही बिश्रामपुर क्षेत्र एक बार फिर रेलवे के माध्यम से देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

**रेलवे साइडिंग पुनः चालू होने से सड़क पर कम पड़ेगा दबाव** - रेलवे साइडिंग शुरू होने से न केवल कोयला परिवहन की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि सड़क मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव कम होगा, पर्यावरणीय लाभमिलेगा और खदानों में लंबे समय तक कोयले का स्टाक रखने की मजबूरी भी समाप्त होगी। फिलहाल साइडिंग में करीब नौ हजार टन कोयले का स्टाक तैयार कर लिया गया है तथा रेलवे रैक की मांग भेज दी गई है। बिश्रामपुर क्षेत्र में रेलवे के माध्यम से कोयला परिवहन का इतिहास पांच दशक से भी अधिक पुराना है। वर्ष 1972 में एनसीडीसी के समय एनसीडीसी एक एवं दो साइडिंग का निर्माण किया गया था। बाद में इन्हें जयनगर एक एवं दो और फिर बिश्रामपुर एक एवं दो साइडिंग के रूप में संचालित किया गया।

समय के साथ कोयला हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) जर्जर होने लगा। वर्ष 2013 में इसका कायाकल्प कर इसे बिश्रामपुर वार्फवाल साइडिंग का स्वरूप दिया गया, लेकिन लगातार उपेक्षा और संरचनाओं के कमजोर होने के कारण अगस्त 2018 में इसे पूरी तरह बंद करना पड़ा। इसके बाद क्षेत्र की सभी खदानों से कोयला केवल सड़क मार्ग से

**जयनगर वार्फवाल साइडिंग के पास है कोयले का स्टाक** - एस ई सी एल विश्रामपुर क्षेत्र एक बार पुनः क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉक्टर संजय सिंह के नेतृत्व में कोयला का उत्पादन वृद्धि हुई है कोयले का उत्पादन बढ़ने से कोयला का परिवहन रेलवे से करने की आवश्यकता आन पड़ी। बताया जाता है कि अमेरा, आमगांव ओपन कास्ट तथा केतकी और गायत्री भूमिगत परियोजनाओं से कोयला उत्पादन लगातार बढ़ा है। वर्तमान में बिश्रामपुर क्षेत्र से प्रतिदिन सात से आठ हजार टन कोयले का उत्पादन हो रहा है। उत्पादन बढ़ने के साथ ही सडक परिवहन की सीमाएं भी सामने आने लगीं। इसके बाद एसईसीएल प्रबंधन ने रेलवे परिवहन को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया। बताया जाता है कि लगभग एकतालीस करोड़ रुपये की लागत से नई जयनगर वार्फवाल साइडिंग के पुनर्निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया तथा निर्माण एजेंसी राइट्स को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। निर्माण पूर्ण होने के बाद रेलवे अधिकारियों ने नई रेल लाइन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, जिसमें सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के बाद विभिन्न खदानों से साइडिंग तक कोयला पहुंचाना शुरू कर दिया गया है। कवि सूत्र ने बताया कि रेलवे के माध्यम से एक बार में लगभग चार हजार टन कोयले का परिवहन संभव होगा। इतनी ही मात्रा को सड़क मार्ग से भेजने के लिए बड़ी संख्या में ट्रकों की आवश्यकता पड़ती है। रेलवे परिवहन शुरू होने से मुख्य रूप से लंबी दूरी के लिए सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होगी। इससे ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और परिवहन की लागत पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। खदानों में लंबे समय तक कोयला स्टॉक रहने से त्रिपुरा राइफल्स चोरी पर लगाम लगाने तैनात की गई है।

# टाइगर रिजर्व में लकड़ी तस्करो ने चेकपोस्ट के रास्ते ही बाइक से कर रहे है साल की सिल्ली का अवैध परिवहन

## बरसात शुरू होते ही महुली परिक्षेत्र में बढ़ी तस्करी, 100 से अधिक लोगों का सिंडिकेट सक्रिय, ग्रामीणों ने बैरियर कर्मियों पर सांठगांठ का लगाया आरोप; हर खेप में 14 हजार तक की कमाई

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व, जिसे प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण वन्यजीव परियोजनाओं में शामिल किया गया है, आज लकड़ी तस्करों के लिए सबसे सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। बरसात शुरू होते ही महुली परिक्षेत्र के घने जंगलों में एक बार फिर लकड़ी तस्करों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। हालात ऐसे हैं कि अवैध कटाई रोकने के लिए स्थापित मकरादुआरी चेकपोस्ट के रास्ते ही तस्कर बेखौफहोकर बाइक में साल और बीजा की सिल्ली लादकर मध्यप्रदेश के सिंगरौली और उत्तरप्रदेश तक पहुंचा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे तस्करों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित किए जाने के बाद उम्मीद थी कि जंगलों में अवैध कटाई पर पूरी तरह रोक लगेगी और वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास सुरक्षित



रहेगा। लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। जंगलों में दिन-रात पेड़ों की कटाई जारी है और तैयार की गई लकड़ी खुलेआम चेकपोस्ट पार कर बाहर भेजी जा रही है।

**संगठित सिंडिकेट चला रहा करोड़ों का अवैध कारोबार-** स्थानीय लोगों के अनुसार लकड़ी तस्करी अब छोटे स्तर का अपराध नहीं, बल्कि संगठित सिंडिकेट का रूप ले चुकी है। इसमें 100 से अधिक स्थानीय युवक, ग्रामीण, बिचौलिए और बाहरी तस्कर शामिल हैं। जंगल के भीतर रहने वाले कुछ लोग पहले साल और बीजा के पेड़ों की कटाई करते हैं। इसके बाद वहीं कुल्हाड़ी और टांगी से 3 इंच मोटी, 9 इंच चौड़ी और लगभग 7 फीट लंबी सिल्ली और चौखट तैयार की जाती है। फिर बिचौलिए इन्हें जंगल के भीतर से मुख्य मार्ग तक पहुंचाते हैं, जहां पहले से मौजूद बाइक सवार तस्कर लकड़ी लादकर मकरादुआरी चेकपोस्ट के रास्ते सिंगरौली की ओर निकल जाते हैं।

बताया जाता है कि तस्करों के आगे और पीछे अलग-अलग बाइक सवार चलते हैं, जो रास्ते में वन विभाग, पुलिस या अन्य वाहनों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। किसी प्रकार का खतरा दिखाई देने पर तुरंत सूचना देकर पूरा नेटवर्क सतर्क हो जाता है।

**हर खेप में 14 हजार रुपये तक का मुनाफा-** ग्रामीणों के मुताबिक एक बाइक में ले जाई जाने वाली लकड़ी की एक खेप से करीब 14 हजार रुपये तक की कमाई हो जाती है। यही वजह है कि सीमावर्ती क्षेत्रों के कई युवक इस धंधे में शामिल हो चुके हैं। लकड़ी की मांग बढ़ने के साथ यह कारोबार लगातार फैलता जा रहा है।

**इन गांवों के जंगल बने तस्करों का निशाना-** जानकारी के अनुसार कोल्हुआ, महुली, खोहिर, बैजनपाट, लुल्ह, मुंडा, रामगढ़, उमझर और रसौकी के जंगलों में सबसे अधिक अवैध कटाई की जा रही है। यहां तैयार की गई लकड़ी को बैजनपाट, मकरादुआरी, धारीमुड़ी, खैरा रोड और बलंगी चौपटा घाट के रास्ते मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश तक पहुंचाया जा रहा है।

**चेकपोस्ट की भूमिका पर उठ रहे सवाल-** ग्रामीणों का आरोप है कि मकरादुआरी चेकपोस्ट पर वर्षों से एक ही प्रभारी और चौकीदार की तैनाती होने के कारण तस्करों से उनकी सांठगांठ बन गई है। यही कारण है कि लकड़ी से लदी बाइकें बिना किसी रोक-टोक के बैरियर पार कर जाती हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार सामने आ रही घटनाओं ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**तेजी से उजड़ रहे जंगल, वन्यजीवों पर बढ़ा खतरा-** विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते अवैध कटाई पर रोक नहीं लगी तो टाइगर रिजर्व के जंगल तेजी से खत्म होंगे। इससे बाघ, तेंदुआ, भालू, हाथी समेत अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। लगातार जंगलों के सिकुड़ने से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ने की आशंका है।

**ग्रामीणों की मांग—बदले जाएं चेकपोस्ट के कर्मचारी, बने विशेष अभियान-** ग्रामीणों ने मांग की है कि मकरादुआरी चेकपोस्ट पर लंबे समय से पदस्थ कर्मचारियों का तत्काल तबादला किया जाए। साथ ही वन विभाग, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर नियमित गश्त, रात्रि अभियान और सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जाए ताकि लकड़ी तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

**अधीक्षक ने दिए जांच के निर्देश-** गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के अधीक्षक सौरभ सिंह ठाकुर ने कहा कि अवैध लकड़ी तस्करी की सूचना मिली है। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश से एफसीआई गोदाम का चारदीवारी गिरा सात गरीबों का आशियाना टूटा







## एसडीम,तहसीलदार सहित राजस्व महकमा मौके पर पहुंचा रहत देने का दिया आश्वासन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** विश्रामपुर स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई ) का गोदाम के पीछे बने झुग्गी झोपड़ी पर एफसीआई का चार दिवारी बीती रात बारिश से जल निकासी न होने के कारण गरीबों के आशियाना पर जा गिरा जिससे सात गरीबों का कचे का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। कई बकरियां जख्मी हो गई ।घटना बीती रात की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुंज नगर की झुग्गी झोपड़ी जो एफसीआई गोदाम से लगा हुआ है आज बारिश में धराशाई हो गया। प्रभावितों का आरोप है कि एफसीआई गोदाम की चार दिवारी का निर्माण और असुरक्षित ढंग से किया गया था पुराने चार दिवारी पर नया चारदीवारी बनाने का कार्य चल रहा था ।ठेकेदार द्वारा जल निकासी का व्यवस्था किए बगैर पुराने चारदीवारी के ऊपर ईंट की जुड़ाई कर दी गई जो आज रात्रि तेज बारिश के कारण नाली में जल जमा हो गया जिससे जल निकासी न होने के कारण भर भरा कर चार दिवारी गरीबों के कच्चे मकान के ऊपर गिर गया जिससे सात लोगों का मकान क्षतिग्रस्त हो गया परंतु गनीमत यह रहा की किसी जान का नुकसान नहीं हो पाया। इसकी जानकारी मिलते हैं ग्रामीणों का दल मौका स्थल पर पहुंचा और एफसीआई प्रबंधक को ज्ञापन सौंफ कर मुआवजा की मांग की परंतु खाद्य संग्रहालय केंद्र प्रबंधक धन सिंह मार्को ने स्पष्ट तौर पर प्रभावितों को कहा कि मुआवजा एवं अन्य सहयोग करना हमारे दायरे से बाहर की बात हैआप सब की मांग को उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर देंगे और जैसा आदेश आएगा उसका पालन किया जाएगा। जिस पर प्रभावितो ने अनुरोध किया कि लंबी प्रक्रिया के कारण तब तो पूरा मकान ही टूट कर पानी में बह जाएगा ऐसी स्थिति में गोदाम से परिवहन नहीं होने देंगे चक्का जाम किया जाएगा। प्रभावीतो ने खाद्य अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अविलंब कदम उठाने की मांग की जिस पर प्रबंधक धन सिंह मार्को ने उच्च आदेश के बिना कुछ भी कर पाना असंभव होना बताया। जिस पर नायब तहसीलदार पिलखा श्रीमती मीना सिंह ने प्रबंधक से कुछ रास्ता निकालने की बात कही जिस पर प्रबंधक ने अपने उच्च अधिकारियों से चर्चा की तो उधर दूसरी तरफज्ञापन सौंप कर ग्रामीणों ने चक्का जाम करने के तैयारी में जुटे ही थे की मौके पर एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल लटोरी तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल ,पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और एफसीआई के प्रबंधक से फिलहाल मलवा हटाने का व्यवस्था करने की को कहा तथा प्रभावितों को मुआवजा देने के लिए सर्वे कर प्रतिवेदन बनाने का अपने पटवारी को निर्देशित किया जिस पर मामला शांत हुआ।

सात प्रभावितों में प्रमुख रूप से सरस्वती, शंकर प्रसाद गुप्ता, बालिका देवी, मनोज कुमार ,सावरा बेगम, विनोद रवि, रईसन निशा शामिल है।

इस दौरान श्रमिक नेता लखन कुरे, कुंज नगर सरपंच , उप सरपंच शाहरुख खान,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र जैन सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### समता बुद्ध बिहार परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण एवं संरक्षण महत्व मनाया गया




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** विश्रामपुर स्थित समता बुद्ध विहार परिसर में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने पौधारोपण कर वन महोत्सव मनाया सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार)- समता बुद्ध विहार परिसर में आयोजित कार्यक्रम मुख्यतिथि डॉ संजय सिंह महाप्रबंधक,,कार्मिक प्रबंधक शिंदे,श्री श्याम सुंदर रातें सुरक्षा प्रभारी, ,प्रिंस प्रजापति पर्यावरण विभाग, श्री रामबाबू जी, शिष्टा संघ के अध्यक्ष रामबिहारी जी,सचिव ओम प्रकाश पैकरा,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जी, एस एस मुंडा,राजेश तोपों,,लखन लाल कुर्रे,रामराज सजल मित्रा,देव चौधरी,परवीन एवं माता सावित्री फुले समिति के अध्यक्ष मीना रातें,एवं समित के सभी पदाधिकारी गण ,के साथ सम्मानीय नरेंद्र जैन,राजेंद्र पासवान,गोपाल विद्रोही,वी पी एस पेया एडिनिया पौधा रोपण किया। विभिन्न सामाजिक संगठन,एवं डी ए वी पब्लिक स्कूल के शिक्षक बैंस सर एवं छात्र ,अन्य स्कूल के भी छात्र उपस्थित रहे,सभी एक एक पौधा लगाकर नेमप्लेट के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराए,आज पूरे कोल इंडिया के सौजन्य से सभी अनुसांगिक कंपनियों में पर्यावरण को सुधार करने के उद्देश्य से पौधा रोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य कोल इंडिया को गिनीज बुक के रिकॉर्ड में शामिल करना है,साढ़े तीन लाख पौधा एस ई सी एल को टारगेट दिया गया है एवं 40000 चालीस हजार पौधा रोपण विश्रामपुर एरिया टारगेट किया गया है।कोल इंडिया को मेसेज ट्री इनवायरमेंट किया जाना है।पौधा रोपण कर कोल इंडिया को गिनीज बुक में रिकॉर्ड बनाना उद्देश्य है।

### कोरबा रेलवे स्टेशन के अधूरे नवनीकरण पर सांसद ज्योत्सना महंत ने रेल मंत्री को लिखा पत्र, जल्द कार्य पूरा कराने की मांग

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा रेलवे स्टेशन के नवनीकरण कार्य में हो रही देरी और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि कोरबा जिला भारतीय रेल को सर्वाधिक राजस्व देने वाले प्रमुख जिलों में शामिल है, इसके बावजूद कोरबा रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण का कार्य पिछले कई वर्षों से धीमी गति से चल रहा है और अब तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के कई रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, लेकिन कोरबा रेलवे स्टेशन अभी भी कई मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। स्टेशन पर निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रतीक्षालय, पार्किंग और पेयजल सुविधाओं का मुद्दा उठाया-** सांसद ज्योत्सना महंत ने पत्र में उल्लेख किया कि कोरबा रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। इसके बावजूद यहां प्रतीक्षालय, स्वच्छता व्यवस्था, पार्किंग, यात्री आवागमन व्यवस्था और पेयजल जैसी जरूरी सुविधाएं अपेक्षित स्तर पर उपलब्ध नहीं हैं।

उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया कि कोरबा रेलवे स्टेशन के नवनीकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाए और यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

सांसद ने कहा कि कोरबा जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक जिले के रेलवे स्टेशन का विकास क्षेत्र की जनता और यात्रियों की सुविधा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस मामले में शीघ्र पहल करेगी।

# संपादकीय

## गंभीर कमियां उजागर

संक्षेप देखकर ठहर जाएं, तो मालूम होगा कि श्रम बल में भागीदारी बढ़ी है और बेरोजगारी दर घटी है। लेकिन बारीकी में जाएं, तो सकारात्मक कथानक में मौजूद कई गंभीर कमियां उजागर होने लगती हैं। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में रोजगार की स्थिति पर राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एनएसओ) की ताजा रिपोर्ट चमकती हेडलाइन के लिए मसाला तो देती है, लेकिन उसके अंदर उतरते ही कड़वी हकीकतों से सामना होने लगता है। सिर्फ सार-संक्षेप देखकर ठहर जाएं, तो मालूम होगा कि श्रम बल में महिलाओं सहित कामकाजी उम्र के सभी व्यक्तियों की भागीदारी बढ़ी है और बेरोजगारी दर घटी है। लेकिन बारीकी में जाएं, तो सकारात्मक कथानक में मौजूद कई गंभीर कमियां जाहिर होने लगती हैं। मसलन, यह उत्साह से बताया गया है कि बड़े शहरों में 55 फीसदी से अधिक श्रमिक अब नियमित वेतनभोगी हैं। मगर रिपोर्ट में यह तथ्य भी मौजूद है कि इनमें बहुत बड़ा हिस्सा वैसी नियमित नौकरियों का है, जिनमें पीएफ, पेंशन, सवैतनिक अवकाश, या स्वास्थ्य बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षाएं नहीं मिलतीं। गिग कर्मियों की बढ़ती संख्या को रोजगार वृद्धि बताया गया है, जबकि ऐसे कर्मियों को किसी तरह के श्रम अधिकार या जॉब सिक्योरिटी हासिल नहीं हैं। महिला श्रम बल भागीदारी बढ़ कर 27.2 फीसदी होने का दावा भी विवादास्पद है, क्योंकि खुद रिपोर्ट मानती है कि कामकाजी महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा आज भी कम या शून्य वेतन वाले घरेलू कार्यों या असंगठित मैन्युफैक्चरिंग में लगा हुआ है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में काफी कम वेतन मिलता है, यह स्वीकार किया गया है। बेरोजगारी दर गिर कर 4.9 प्रतिशत रह जाने की बात कही गई है, लेकिन अर्ध-रोजगार या योग्यता से कम दर्जे का काम मिलने के व्यापक चलन पर रिपोर्ट चुप है। दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत यह है कि लाखों पोस्ट-ग्रेजुएट और इंजीनियरिंग डिग्री धारक युवा फिलहाल महानगरों में क्लर्क, डिलीवरी बॉय या डेटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी करने को मजबूर हैं। फिर याद रखना चाहिए कि ये रिपोर्ट मिलियन-प्लस शहरों के बारे में है। छोटे शहरों और ग्रामीण भारत की कहानी इसमें शामिल नहीं है, जहां महानगरों की तुलना में काफी कम कमाई होती है। तो एक बार फिर वही कहानी है। रोजगार के मोर्चे पर नीतिगत विफलता को छिपाने के लिए एक रिपोर्ट को इस इस तरह लिखा गया है, जिससे लोग 'फील-गुड' महसूस करें।

# अमेरिका ने दुनिया को अपने सपनों में गूंथा....

हरिशंकर व्यास

अमेरिका ढाई सौ वर्ष का हुआ। इस शुक्रवार-शनिवार उसके जश्न की कुछ झलकियां टीवी पर देखी। एक परिचित धुन कानों में पड़ी—डोंट स्टॉप बिलीविन बरसों पुराना यह गीत मेरी पचास वर्षों की स्मृतियों को खोल गया। गीत सुन मुझे ब्रूस स्प्रिंगस्टीन की आवाज़ भी याद हो आई। ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने बॉर्न टू रन और बाद में बॉर्न इन द यू.एस.ए. को जिस अंदाज में गया, वह गजब ही था। अचानक समझ आया कि पिछले पचास वर्षों में मैंने अमेरिका को जितना समझा, पढ़ा, और उस पर जितना लिखा उससे कहीं अधिक तो उसके गीतों की जुबानी अमेरिका की यात्रा है। संयोग है मैं पचास साल से गवाह हूं। मैं जब छोटे से कस्बे भीलवाड़ा से निकलकर दिल्ली के जेएनयू में पहुँचा था, तब मेरे भीतर भी एक दौड़ शुरू हुई थी। दुनिया को जानने की, समझने की, पढ़ने की और अपनी टूटी-फूटी हिंदी में उसे लिखने की। वह आपातकाल का समय था। मेरे लिए जेएनयू की लाइब्रेरी कौतुकता के मेरे डीएनए की मानों पूर्ति थी। विदेशी पत्र-पत्रिकाएं, अखबार, विश्लेषण—जो हाथ लगा, पढ़ता था। उसी से संयोग बना और कुछ ही महिनों में मैंने वैश्विक घटनाओं पर लिखना शुरू किया। 16 दिसंबर 1976 को दैनिक हिंदुस्तान में पहला लेख छपा, वह भी अंतरराष्ट्रीय विषय पर। तब भारत में आपातकाल था। इसलिए हिंदी अखबारों को दुनिया पर लिखा चाहिए था और सुरक्षित भी था। इसलिए सोवियत संघ, अमेरिका, यूरोप और शीतयुद्ध की राजनीति मेरा शगल बनी। कुछ ही महीनों में दिल्ली प्रेस की पत्रिकाओं से लेकर राजेंद्र माथुर के नेतृत्व वाले नई दुनिया में परिक्रमा कॉलम लिखने का मेरा सिलसिला बना, पत्रकारिता की भूमिका बनी। उन दिनों चालीस, साठ और पचहत्तर रुपए प्रति लेख मिलते थे। आवश्यकता से अधिक। नतीजतन कनॉट प्लेस की सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी से टाइम, द इकोनॉमिस्ट, हिम्मत, ओपिनियन, क्रेस्ट जैसी पत्रिकाएं खरीदता। बगल के प्रिया और चाणक्य सिनेमाघरों में हॉलीवुड फिल्में देखता। दुनिया को पढ़ने के साथ-साथ देखने की आदत भी बनी। वह अमेरिकी राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड और सोवियत नेता ब्रेज़नेव का समय था। अब ट्रंप और पुतिन का है। 1975-76 का अमेरिका आज भी मेरी स्मृति में बहुत साफ़ है। सैगॉन में अमेरिकी दूतावास



की छत से हेलीकॉप्टरों के उड़ान भरने की तब तस्वीरें थीं। राष्ट्रपति निक्सन और वाटरगेट कांड की गूंज थी। 1976 में अमेरिका के दो सौ वर्ष पूरे हुए। उत्सव हुआ, मगर अमेरिका में युद्ध हारने की पीड़ा थी, गहरी निराशा थी। सत्ता पर अविश्वास था और भविष्य को लेकर अनिश्चितता। उसी दौरान ब्रूस स्प्रिंगस्टीन का संभवतः पहला बड़ा गीत बॉर्न टू रन सुपरहिट हुआ। वह तब एक पीढ़ी की बेचैनी की आवाज़ था, जो कह रही थी—यहां दम घुट रहा है, कहीं निकल चलो। छोटे शहर से बाहर निकलो। सीमाएं तोड़ो। अपना भविष्य खुद बनाओ। स्प्रिंगस्टीन अमेरिकी मजदूर, छोटे शहरों और अमेरिकी सपने की प्रामाणिक आवाज़ बन गए। वह आवाज़, जो रोनाल्ड रीगन से लेकर डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता को ठेंगा दिखाती रही है। क्योंकि उनकी आवाज़ में अमेरिकी सत्ता नहीं, बल्कि व्यक्ति और नागरिक के सपनों का अमेरिका है। वह अमेरिका, जहां व्यक्ति अपनी मेहनत और प्रतिभा से अपना भविष्य गढ़ता है। खुद अवसर खोजता है, मेहनत से अपने सपनों को साकार बनाता है। फिर 1981 में एक गीत आया -डोंट स्टॉप बिलीविन। जर्नी बैंड के गायक स्टीव पेरी की आवाज़ के इस गीत ने 1981 अमेरिका को ऐसा बांधा कि आज भी वह सर्वाधिक लोकप्रिय है। इसकी शुरुआती पंक्तियां—एक छोटे कस्बे की लड़कीज् और एक छोटे कस्बे का लड़काज्—सीधे अमेरिकी मानस को छू गई। साधारण परिवार, छोटे शहर पर बड़े सपने। गीत का संदेश जो टूक यह कि —उम्मीद मत छोड़ो। विश्वास बनाए रखो। मतलब अमेरिका सपनों के लिए, विश्वास के साथ है। तब से अब तक आर्थिक मंदी हो, व्यक्तिगत संकट हो, खेल का मैदान हो या राष्ट्रीय उत्सव—अमेरिका में गीत हर जगह गाया जाता है। ढाई सौवें स्थापना दिवस के समारोह में जब हजारों अमेरिकी इसके अंतिम कोरस तक एक साथ पहुंचे, तो सचमुच लगा कि वे गीत नहीं मात्र नहीं गा रहे थे वे निज विश्वास में देश को अभिव्यक्त कर रहे हैं। अचानक मन में प्रश्न उठा। क्या दुनिया के किसी और देश में ऐसे गीत है, जिसे पूरा समाज अपने साझा सपने की तरह गाता हो? रूस, चीन, ब्रिटेन, पाकिस्तान या भारत—हर देश के पास अपने राष्ट्रगान है, देशभक्ति के गीत हैं, युद्ध के गीत हैं, क्रांति के गीत हैं। लेकिन क्या ऐसे गीत है, जो साधारण नागरिक से इतना भर कहे—सपने देखो, हार मत मानो, आगे बढ़ो, विश्वास रखों? यही अमेरिका और बाकी दुनिया के बीच का सबसे बड़ा अंतर है। अधिकांश देशों ने अपने नागरिकों को इतिहास, धर्म, राजसत्ता, जातीय गौरव या राष्ट्रीय अस्मिता के आधार पर जोड़ा या बनाया। मगर अमेरिका ने वेयक्तित, निज सपनों से देश गढ़ा। अमेरिका में जो रहा है, जो हुआ या होगा, उसमें निज मनुष्य के सपनों की पहली भूमिका है फिर संविधान, प्रशासन, राष्ट्रपति की है। डोनाल्ड ट्रंप हों या इलॉन मस्क, कमला हैरिस हों या सुंदर पिचाई—सबकी कहानियों का आरंभ एक ही जगह से होता है—वह स्वतंत्र मनुष्य के सपने से है। इसीलिए मुझे लगता है कि अमेरिका को समझना हो तो उसके राष्ट्रपतियों से पहले उसके गीतों को सुने। साफ जाहिर होगा कि वे अमेरिका कैसे सोचता है, कैसे टूटता है, कैसे संभलता है और क्यों हर संकट के बाद भी अपने भविष्य पर विश्वास बनाए रखता है। अमेरिका का राष्ट्रगान द स्टार स्पैंगल्ड बैनर है। इसे 1814 में फ्रांसिस स्कॉट की ने बाल्टीमोर के युद्ध के दौरान लिखा था। इसकी सबसे प्रसिद्ध पंक्ति है—ओ'अर द लैंड ऑफ द फ्री एंड द होम ऑफ द ब्रेव—यानी स्वतंत्र लोगों की भूमि और वीरों का घर। यह गीत युद्ध के बीच झंडे के बच जाने का गीत है। गणराज्य की रक्षा का गीत है। लेकिन अमेरिका और अमेरिकियों का सपना राष्ट्रगान में नहीं बसता। वह लोकप्रिय गीतों में सांस लेता है। यदि राष्ट्रगान बताता है कि अमेरिका कैसे बचा, तो उसके गीत बताते हैं कि अमेरिका किस विश्वास पर खड़ा हुआ था, खड़ा है और खड़ा रहेगा। इसलिए अमेरिका भूगोल नहीं, बल्कि एक मानसिक अवस्था है। वह अपने नागरिकों से पहले यह नहीं पूछता कि तुम कौन हो, किस धर्म, किस जाति या किस वंश से आए हो। वह उनके सपने देखता है, सपनों को मौका देता है। इसलिए दुनिया भर के लोग ढाई सौ वर्षों से अपने सपने लेकर मुख्यतः अमेरिका की ओर ही भागे हैं। बिरले ही मनुष्य होंगे जो सपने लेकर चीन, रूस, भारत या किसी और देश में जाएं। लोगों के लिए अमेरिका कमाई से पहले सपनों को साकार बनाने का मुकाम है। दुनिया के बाकी देश अपने को मदरलैंड, फादरलैंड या धर्मराष्ट्र कहते हैं, मगर अमेरिका अकेला ऐसा देश है, जहां सपना पहले है, बाकी सब बाद में। पहले सपना, फिर पूंजीवाद। कोलंबस जब समुद्र में निकला था, तब उसके पास कोई निश्चित नक्शा नहीं था। उसके पास केवल विश्वास था कि क्षितिज के पार कुछ नया मिलेगा। उसी खोज की मानसिकता ने बाद में पूरे अमेरिकी महाद्वीप का चरित्र गढ़ा। अमेरिका का जन्म किसी नस्ल विशेष, भाषा या धर्म से नहीं हुआ। उसका जन्म एक संभावना से हुआ जिसका संबल विश्वास था। तभी अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात हथियार से ज्यादा पूरी पृथ्वी को सपनों की और दौड़ाने वाला देश है। अमेरिकी संविधान का मूल भाव है कि यदि तुममें प्रतिभा है, जोखिम उठाने का साहस है और मेहनत करने की इच्छा है, तो भविष्य तुम्हारा हो सकता है। यही उसका मूल सूत्र और सांस्कृतिक ताकत है। अमेरिका में राष्ट्रपति, सरकारें बदलती रहती हैं। नीतियां बदलती रहती हैं। कभी उदारवाद, कभी अनुदारवाद, कभी राष्ट्रवाद।

## आलेख

# भारत-यूनाइटेड किंगडम सीईटीए लागू हुआ

भारत-यूनाइटेड किंगडम व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। इसका उद्देश्य बाज़ार की बेहतर पहुँच, सरल व्यापार प्रक्रियाओं, सेवा क्षेत्र में व्यापक प्रतिबद्धताओं तथा पेशेवरों की अधिक सुगम आवाजाही के माध्यम से व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। सीईटीए व्यापार संबंधी बाधाओं को कम करके और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाकर कृषि, मत्स्य, विनिर्माण, सेवा तथा अन्य प्रमुख क्षेत्रों में नए अवसर सृजित करता है। साथ ही, यह संतुलित बाज़ार पहुँच और चरणबद्ध शुल्क उदारीकरण के माध्यम से भारत के संवेदनशील क्षेत्रों के हितों का संरक्षण भी सुनिश्चित करता है। यह समझौता डिजिटल व्यापार, नवाचार, सतत् विकास तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को और सुदृढ़ बनाने को बढ़ावा देता है। विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को सशक्त बनाते हुए यह समझौता अधिक समावेशी और भविष्य उन्मुख आर्थिक साझेदारी की मजबूत आधारशिला रखता है। भारत-यूनाइटेड किंगडम (यूके) व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) एक आधुनिक, व्यापक तथा ऐतिहासिक व्यापार समझौता है। इसका उद्देश्य बेहतर बाज़ार पहुँच, व्यापार उदारीकरण तथा शुल्क में रियायतों के माध्यम से भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच आर्थिक एकीकरण को और अधिक सुदृढ़ करना है। इस समझौते के तहत भारत को मुक्त व्यापार समझौते के अंतर्गत यूनाइटेड किंगडम द्वारा अब तक की सबसे महत्त्वाकांक्षी सेवा प्रतिबद्धताओं में से एक का लाभ मिलेगा। भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात को, जो व्यापार मूल्य के लगभग 100 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, शून्य-शुल्क पहुँच प्रदान किए जाने से सीईटीए के ज़रिए भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सुदृढ़ होने की अपेक्षा है। इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार, निवेश में वृद्धि तथा व्यवसायों के लिए नए अवसर सृजित होने की भी संभावना है।अपने आर्थिक और वाणिज्यिक महत्व से परे सीईटीए को एक समावेशी तथा भविष्य उन्मुख समझौते के रूप में तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यापार के लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचें। यह केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि एक सुदृढ़, नवाचार-आधारित और जन-केंद्रित आर्थिक साझेदारी की आधारशिला भी रखता है। भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच एक मजबूत और विस्?तृत होती आर्थिक साझेदारी है। वर्ष 2025 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.96 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था 3.84 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की रही। यह वैश्विक व्यापार में दोनों अर्थव्यवस्थाओं के महत्व को दर्शाता है। वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच वस्तु व्यापार 25.12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँचा। इस अवधि में यूनाइटेड किंगडम को भारत का निर्यात 13.44 अरब अमेरिकी डॉलर तथा आयात 11.68 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जिसके परिणामस्वरूप भारत को 1.76 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार अधिशेष प्राप्त हुआ। सेवाओं का व्यापार भी समान रूप से सशक्त रहा है। वर्ष 2024 में दोनों देशों के बीच कुल द्विपक्षीय सेवा व्यापार 35.44 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँचा। इस अवधि में भारत ने यूनाइटेड किंगडम को 21.66 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की सेवाओं का निर्यात किया तथा 13.78 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की सेवाओं का आयात किया, जिससे भारत को सेवा व्यापार में 7.88 अरब अमेरिकी डॉलर का अधिशेष प्राप्त हुआ। सीईटीए को अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। साथ ही, यह समझौता ये भी सुनिश्चित करता है कि व्यापार से होने वाले लाभ व्यापक रूप से समाज के सभी वर्गों तक पहुँचें। शुल्क समाप्त कर दिए जाने से भारतीय किसानों तथा मत्स्यपालकों को यूनाइटेड किंगडम के बाज़ारों तक बेहतर पहुँच मिलने की उम्मीद है। इससे नए निर्यात अवसर सृजित होने तथा उनकी आय में वृद्धि होने की संभावना है। यह समझौता वन पर निर्भर समुदायों की आजीविका के महत्व को स्वीकार करता है। साथ ही, यह प्राकृतिक संसाधनों के उत्तरदायी प्रबंधन तथा पर्यावरणीय सहयोग को प्रोत्साहित करता है। वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटो कम्पोनेंट्स, प्लास्टिक तथा कार्बनिक रसायन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में निर्यात बढ़ने की संभावना है।

# नेपाल में उठ रही हिंदी की मांग

उमेश चतुर्वेदी

मधेसी समुदाय का अपने सीमावर्ती भारतीय इलाकों के लोगों से रोटी और बेटी का रिश्ता है। वे लोग पहाड़ी मूल के लोगों की बजाय सीमावर्ती भारतीय इलाकों के लोगों की तरह दिखते, रहते, खाते-पीते और बोलते हैं। इनमें अवधी, भोजपुरी, थारू, बज्जिका, अंगिका, मैथिली, सतार, मगही, राजवंशी और मैथिलीभाषी शामिल हैं। नेपाल की जनकपुर उपमहानगर पालिका ने अपने अधीन प्राथमिक विद्यालय में मैथिली भाषा की पढ़ाई का फैसला लिया है। जनकपुर से महज तीस किलोमीटर दूर भारतीय सीमा में पहले से ही मैथिली की पढ़ाई हो रही है। भारत में मैथिली भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषा है। चूंकि जनकपुर के आसपास मैथिलीभाषियों की अच्छी-खासी संख्या है। लिहाजा जनकपुर उपमहानगर पालिका के इस निर्णय का मैथिलभाषी समुदाय में स्वागत होना लाजमी है। लेकिन नेपाल का ही एक वर्ग इस फैसले के विरोध में उतर आया है। दिलचस्प यह है कि उसे मैथिली से कोई बुनियादी विरोध नहीं है, बल्कि वह चाहता है कि मधेस इलाकों में हिंदी की विधिवत पढ़ाईहोनी चाहिए। हिंदी समर्थक इस वर्ग का तर्क है कि इस कदम से नेपाल में बोली जाने वाली भारतीय मूल की भाषाओं के बीच एकता का संदेश जाएगा और यह एकता मधेस समुदाय की राजनीतिक ताकत को बढ़ावा देगी। लेकिन मधेस समाज के लोग अपनी-अपनी भाषाओं की अगर पढ़ाई पर जोर देने लगेंगे तो इससे मधेस समाज में बिखराव आएगा और उनकी एकता में दरार बढ़ेगी। इसका सीधा फायदा संख्या के लिहाज से मधेस समुदाय की तुलना में छोटा खस आर्य मूल के नेपाली समुदाय का नेपाल की राजनीति में वर्चस्व बना रह सकता है। नेपाल में भाषा को लेकर उठे इन सवालों पर विचार से पहले मधेस समुदाय के बारे में मोटे तौर पर कुछ बातें समझनाआवश्यक है। नेपाल में पहाड़ी मूल के अलावा तराई में जो लोग रहते हैं, उन्हें मधेस या मधेसी कहा जाता है। मधेस समुदाय की व्यापकता उत्तर प्रदेश की सीमा से लेकर बिहार होते हुए पश्चिम बंगाल की सीमा तक नेपाली हिस्से में है। नेपाल की कुल जनसंख्या तीन करोड़ है। आंकड़ों के मुताबिक, करीब 53 प्रतिशत यानी लगभग एक करोड़ साठ लाख लोग मधेसी है। नेपाल में बड़ी जनसंख्या होने के बावजूद यहां की शासन व्यवस्था में पहाड़ी मूल के लोगों का ही वर्चस्व रहा है, जिनकी जनसंख्या करीब एक करोड़ चालीस लाख है। मधेसी समुदाय का अपने सीमावर्ती भारतीय इलाकों के लोगों से रोटी और बेटी का रिश्ता है। वे लोग पहाड़ी मूल के लोगों की बजाय सीमावर्ती भारतीय इलाकों के लोगों की तरह दिखते, रहते, खाते-पीते और बोलते हैं। इनमें अवधी, भोजपुरी, थारू, बज्जिका, अंगिका, मैथिली, सतार, मगही, राजवंशी और मैथिलीभाषी शामिल हैं। नेपाल की राष्ट्रीय मुक्ति पार्टी के नेता रह चुके रमन पांडेय इन दिनों हिंदी के लिए स्वतंत्र रूप से अभियान चला रहे हैं। उनका तर्क है कि मैथिली की पढ़ाई से उन्हें एतराज नहीं है। लेकिन इससे मधेस समुदाय की आपसी एकता में दरार पड़ेगी। उनका कहना है कि नेपाल का पहाड़ी शासक समुदाय चाहता है कि मधेस समाज की एकता बाधित हो। यह उसके हित में है, क्योंकि मधेस जनसंख्या अगर बंटी होगी तो पहाड़ी मूल के लोगचुनावों में जीतते रहेंगे और कम संख्या के बावजूद वे देश पर शासन करते रहेंगे। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी नेपाल में 133 भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन यहां मोटे तौर पर नेपाली और अंग्रेजी माध्यम से ही पढ़ाई होती है। नेपाल में हिंदी की पढ़ाई की मांग करने वाले वर्ग का तर्क है कि अगर हिंदी को शासकीय मान्यता मिलती है और उसकी पढ़ाई होती है तो वह नेपाल की सभी 133 भाषाओं के आपसी संपर्क का सबसे बड़ा जरिया होगी। यह मांग कुछ वैसे ही है, जैसे भारत में आपसी संपर्क भाषा के लिए हिंदी को अपनाने का विचार केशवचंद्र सेन, गुजराती कवि नर्मदा शंकर उपाध्याय, लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी और बिनोबा भावे सदृश हस्तियों ने दिया था। विनोबा और पुरूषोत्तम दास टंडन ने तो देवनागरी लिपि को दूसरी भाषाओं द्वारा अपनाए जाने और उसके विस्तार की जोरदार पैरवी की थी। रमन पांडेय जैसे लोग भी नेपाल में हिंदी को कुछ उसी तरह आगे लाने की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि अगर हिंदी को मान्यता मिली तो नेपाल की स्थानीय भाषाओं के बीच मजबूत कड़ी बनकर उभरेगी। वैसे भी मधेस समुदाय जब दूसरे भाषा-भाषी से बात करता है तो वह हिंदी का ही सहारा लेता है। इससे नेपाली एकता की भावना को तो मजबूती मिलेगी ही, भारतीय सीमा पार रिश्तों को निभाने में नेपाली लोगों मदद मिलेगी। हिंदी समर्थकों का यह भी तर्क है कि मधेस समुदाय की आपसी एकता को भी हिंदी के ही जरिए मजबूती मिल सकेगी। मधेस आबादी नेपाल के बाइस जिलों में फैली हुई है। रमन पांडेय जैसे लोगों का तर्क है कि बाइस जिलों के लोगों को एक माला में जोड़ने में हिंदी ही कामयाब हो सकती है। रमन पांडेय का कहना है कि नेपाली भाषा बेहद छोटे समुदाय खस आर्य की भाषा है। जिनकी संख्या एक करोड़ भी नहीं है। लेकिन वह पूरे देश की एक मात्र भाषा बनी हुई है। इसमें दो राय नहीं कि नेपाल के तराई यानी मधेस और भारत से सटे इलाकों में हिंदी का प्रभाव गहरा और व्यापक है। नेपाल और भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत साझा है। नेपालमें भी हिंदी का व्यापक स्तर पर प्रयोग होता है। इतना ही नहीं, मधेस समुदाय के आपसी संपर्क का भी जरिया हिंदी ही है। हिंदी पहाड़ी यानी खस समुदाय के लिए भी मधेस समुदाय से जुड़ने का जरिया है। अगर हिंदी को मान्यता मिलती है तो संपर्क भाषा हिंदी को नई ताकत मिलेगी। हिंदी नेपाली समुदायों को तो आपस में जोड़ेगी ही, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक साझा विरासत की बुनियाद पर नेपाल और भारत के रिश्तों को भी नई गति मिलेगी।

# परमाणु संयंत्र का डाटा लीक हो गया....

नीरज कुमार दुबे

इस पूरे मामले की जांच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम संयुक्त रूप से कर रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई प्रमाण सामने नहीं आया है कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली या परमाणु रिएक्टर की सुरक्षा से सीधे समझौता हुआ है। देश की सबसे बड़ी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल तमिलनाडु स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़े हजारों गोपनीय दस्तावेज कथित रूप से सार्वजनिक होने के बाद भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना की साइबर सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। हम आपको बता दें कि रैनसमवेयर गिरोह वर्ल्ड लीक्स ने दावा किया है कि उसने संयंत्र से संबंधित 19 हजार से अधिक संवेदनशील फाइलें डार्क वेब पर जारी कर दी हैं। इन दस्तावेजों को लगभग 8 लाख 58 हजार फाइलों के उस बड़े संग्रह का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसे परियोजना से जुड़े ठेकेदार रिलायंस समूह के डाटा से चुराया गया है। हालांकि इन दस्तावेजों की प्रामाणिकता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, फिर भी विशेषज्ञ इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर मामला मान रहे हैं। इस बीच, रिलायंस समूह ने मीडिया को बताया कि तीसरे पक्ष के भारतीय डाटा सेंटर प्रदाता योट्टा के सर्वर पर रखे गए उसके डाटा में आंशिक सेंधमारी हुई है। कंपनी के अनुसार सरकार को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन किस प्रकार का डाटा प्रभावित हुआ, इसका खुलासा नहीं किया गया। दूसरी ओर योट्टा ने कहा कि उसने 29 मई को सर्वर पर संदिग्ध गतिविधियों का पता लगा लिया था और संदिग्ध रैनसमवेयर को सक्रिय होने से रोक दिया गया था। बाद में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने संभावित डाटा लीक के दावे की जानकारी दी। शब्दकोशऔर विश्वकोश हम आपको बता दें कि कथित रूप से लीक हुए दस्तावेज वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2025 के मध्य तक के बताए जा रहे हैं। इनमें वेंटिलेशन और शीतलन प्रणालियों के इंजीनियरिंग नक्शे, साझा नियंत्रण कक्ष की रूपरेखा, उपकरणों के निरीक्षण प्रतिवेदन, आपूर्तिकर्ताओं की सूची, विक्रेताओं के प्रस्ताव, बैठकों के अभिलेख तथा बीमा संबंधी दस्तावेज शामिल बताए गए हैं। अधिकांश दस्तावेज कुडनकुलम परियोजना की तीसरी और चौथी इकाई से संबंधित हैं, जिनका निर्माण कार्य जारी है और जिनके वर्ष 2027 तक चालू होने की संभावना है। राहत की बात यह है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार



इनमें परमाणु रिएक्टर के मुख्य तंत्र की रूपरेखा शामिल नहीं है, क्योंकि वह रूस की सरकारी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। फिर भी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी जानकारी शत्रुतापूर्ण तत्वों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी हमलावर को यह जानकारी मिल जाए कि परियोजना में किन व्यक्तियों, ठेकेदारों और प्रणालियों की पहुंच कहां तक है, तो वह प्रत्यक्ष रूप से परमाणु रिएक्टर पर हमला किए बिना भी उससे जुड़ी सहायक व्यवस्थाओं, आपूर्ति श्रृंखला या तीसरे पक्ष की प्रणालियों को निशाना बना सकता है। इससे परियोजना के संचालन, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस पूरे मामले की जांच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम संयुक्त रूप से कर रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई प्रमाण सामने नहीं आया है कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली या परमाणु रिएक्टर की सुरक्षा से सीधे समझौता हुआ है। परमाणु ऊर्जा विभाग और प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि संबंधित हैकर गिरोह पहले भी कई प्रमुख औद्योगिक संस्थानों को निशाना बना चुका है। देखा जाये तो यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना पर साइबर हमलों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। एक साइबर सुरक्षा कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष भारत में लगभग दो करोड़ नवासी लाख खाते किसी न किसी रूप में डाटा समझौते का शिकार हुए, जिससे भारत विश्व के सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल रहा। वहीं हाल के एक औद्योगिक सर्वेक्षण में पाया गया कि 73 प्रतिशत भारतीय संस्थानों को यह तक जानकारी नहीं थी कि वे कभी साइबर हमले का शिकार हुए हैं या नहीं, जबकि 57 प्रतिशत संस्थानों में बुनियादी साइबर उपायों का भी अभाव है। देखा जाये तो कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना केवल बिजली उत्पादन का केंद्र नहीं है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु क्षमता और सामरिक आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार भी है। इस परियोजना पर किसी भी प्रकार का साइबर हमला या गोपनीय सूचनाओं का लीक होना सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। आधुनिक युद्ध में साइबर क्षेत्र को भूमि, जल, वायु और अंतरिक्ष के समान ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण अवसंरचना से संबंधित सूचनाओं का दुरुपयोग कर शत्रु देश या संगठित साइबर अपराधी बिना प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई के भी रणनीतिक दबाव बना सकते हैं। बहरहाल, इस घटना ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल परमाणु संयंत्र की आंतरिक सुरक्षा पर्याप्त नहीं है।

# गौ संरक्षण जनभागीदारी से ही बनेगा जनआंदोलन : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

■ 'मेरा परिवार गौव्रति परिवार' अभियान का शुभारंभ, गौ विज्ञान परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** गौमाता भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण की आधारशिला है। गौ संरक्षण पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। जब प्रत्येक परिवार गौसेवा और संरक्षण का संकल्प लेगा, तभी यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ले सकेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित गौ सेवा संगम एवं गौ विज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशव्यापी 'मेरा परिवार गौव्रति परिवार' अभियान का शुभारंभ किया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए संचालित किए जाने वाले वृक्षारोपण अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने गौ विज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित




कर पुरस्कार भी प्रदान किए।

## नई पीढ़ी में भारतीय संस्कृति और वैज्ञानिक दृष्टि का सुंदर समन्वय

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण और ग्रामीण समृद्धि की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि बच्चों में गाय के वैज्ञानिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व की समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा अत्यंत सराहनीय पहल है।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष प्रदेश के स्कूलों एवं महाविद्यालयों के 1 लाख 64 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इतनी बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्यों और प्रकृति संरक्षण के प्रति सजग हो रही है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि वे समाज में गौ संरक्षण और संवर्धन के प्रभावी दूत बनेंगे।

## गौ संरक्षण को जनभागीदारी से मिलेगा स्थायी आधार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गौ संरक्षण के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने परिवारों और आसपास के लोगों को गौसेवा एवं गौ संरक्षण के प्रति जागरूक करें तथा इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाएं।

## न्योता भोज जैसी पहल सामाजिक सहभागिता का उदाहरण

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नए शिक्षा सत्र के साथ प्रदेश में शाला प्रवेश उत्सव और न्योता भोज जैसी अभिनव पहल संचालित की जा रही हैं। जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ अथवा माता-पिता की पुण्यतिथि जैसे विशेष अवसरों पर विद्यालयों में बच्चों के साथ भोजन कराने की परंपरा समाज और विद्यालय के बीच आत्मीय संबंध मजबूत कर रही है। इससे बच्चों को अतिरिक्त पोषण भी प्राप्त हो रहा है तथा समाज की भागीदारी भी बढ़ रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गाय से प्राप्त दूध, दही, गोबर और गोमूत्र सहित प्रत्येक उत्पाद मानव जीवन के लिए उपयोगी है। आज गोबर से अनेक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जो स्वरोजगार और ग्रामीण उद्यमिता के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं।

# जिला स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न

■ 2 सिविल जज,1 वैज्ञानिक 10 अन्य एवं 10वीं, 12वीं 200 प्रतिभाएं सम्मानित

**सागर (विश्व परिवार)।** जैन मिलन शाखा मकरोनिया द्वारा जिला स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन आदर्श गार्डन मोती नगर सागर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत महावीर प्रार्थना के साथ की गई जिसका गायन जैन मिलन महिला शाखा मकरोनिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा दसवीं एवं 12वीं के 85% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 180 छात्राओं एवं यूपीएससी नीट आईआईटी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित लगभग 10 अभ्यर्थियों का सम्मान किया गया एवं जैन मिलन शाखा मकरोनिया एवं जैन मिलन महिला शाखा मकरोनिया का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम समारोह गौरव अतिवीर कमलेंद्र जैन एडवोकेट द्वारा कराया गया ।



कार्यक्रम अध्यक्ष वीर दिनेश जैन करंपुर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया एवं मंत्री अरविंद जैन गढ़ाकोटा द्वारा शाखा का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर जैन मिलन शाखा की विस्तृत जानकारी दी गई । कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीआदेश जैन व संदीप जैन द्वारा बहुत ही विधिवत ढंग से किया गया अंत में कोषाध्यक्ष हेमचंद जैन द्वारा सभी उपस्थित सभी अतिथियों अभिभावकगण एवं छात्र- छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

ध्वजारोहणकर्ता श्री अरविंद जैन अब्बू सौरव रोडलाइंस चित्र अनावरणकर्ता अतिवीर प्रमोद भाईजी वीर अरविंद जैन गढ़ाकोटा मंत्री दीप प्रज्ज्वलनकर्ता विनोद जैन आवारा अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय मंत्री जिनेश जैन बहरोल वीर मनीष जैन विद्यार्थी अशोक जैन पटवारी सुकुमाल नैनधरा संयोजक राजेश प्राचार्य आलोक बरायठा संपत जैन खुरई प्रो. आनंद जैन सुरेश बीज निगम रविंद्र जैन प्राचार्य प्रदीप गुन्नौर संतोष सेंट्रल बैंक संतोष गढ़ाकोटा राकेश छुल्ला संजय शक्कर निशिकांत सिंघई पीसी जैन अजीत बैंक आर के जैन चेतन जैन रितेश जैन प्रमोद जैन महेश जैन छुल्ला इंजी. दिलीप जैन मुकेश जैन उत्तम चंद जैन वीर बृजेश जैन आदि बड़ी संख्या में वीर वीरांगनाएं उपस्थित रहीं।

# विधायक बोहरा द्वारा संचालित 'लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग' के 7 विद्यार्थियों ने NEET परीक्षा में हासिल की सफलता

**पंडरिया (विश्व परिवार)।** विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया नगर में संचालित 'लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग सेंटर' ने अपने उद्देश्य को सिद्ध करते हुए इस वर्ष हृश्वश्वञ्ज परीक्षा में कोचिंग के 7 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। यह सफलता न केवल इन विद्यार्थियों और उनके परिवारों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे पंडरिया विधानसभा के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि है। लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग में पढ़ने वाले ग्राम मोहतरा खुर्द निवासी वेदांत कुमार साहू पिता भुनेश्वर प्रसाद साहू, पंडरिया निवासी राहुल मरकाम पिता रामकुमार मरकाम, वार्ड क्रमांक 5 पंडरिया निवासी यामिनी देवांगन पिता मनहरण देवांगन, लिम्हईपुर निवासी दुजराम मरकाम पिता महेत्तर सिंह मरकाम एवं पंडरिया




निवासी उमा भोई पिता पुरषोत्तम भोई, सोमी चंद्राकर पिता रमेश चंद्राकर और लक्ष्मण पिता तेजूराम ने NEET की परीक्षा में सफलता हासिल की है।

विदित हो कि ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंडरिया विधायक भावना बोहरा की संवेदनशीलता से प्रारंभ की गई लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग आज क्षेत्र के युवाओं के सपनों को साकार करने का मजबूत माध्यम बन चुकी है।

# जीवन में जिसे सफल होना है उसे पुण्य चाहिए, श्रमण धारा प्रवचन माला में मुनि श्री के प्रेरणादायी प्रवचन

**राघौगढ़ (विश्व परिवार)।** धर्म नगरी राघौगढ़ की पुण्य धरा पर विराजमान तपस्वी संत मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रवण धारा प्रवचन माला की श्रृंखला में आज जीवन में पुण्य बढ़ाने पर प्रेरक प्रवचन दिये।

आचार्य विद्यासागर सभागार राघौगढ़ में विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिराज ने कहा जीवन में सफल होना है तो हमें पुण्य चाहिए। बिना पुण्य के भीख एवं सीख नहीं मिलती है। आपने आगे कहा दुनिया में हम जितने अच्छे काम करेंगे उनका पुण्य फल हमें मिलेगा। आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने अपनी दिव्य देशना में जीवन में पुण्य बढ़ाने के चार अमूल्य सूत्र दिए हैं पहला सूत्र प्रात: काल मंदिर पहुंचकर भगवान की पूजन करना है। आपने कहा आज स्थिति यह है कि जैन कुल में जन्म लेकर भी आज की पीढ़ी को



अपने जैन होने का गौरव पता नहीं है ।दूसरा सूत्र है सुपात्र को दान देकर पुण्य प्राप्त करना। दिगंबर मुनि पीछी कमंडल धारी को आहार देना महान पुण्य का कारण है। तीसरा सूत्र है व्रत धारण कर आचरण करना। मुनिराज ने कहा एक छोटा सा नियम आपको भगवान बना सकता है। चौथा सूत्र है उपवास करना, आत्म कल्याण की भावना से उपवास करने से पुण्य का संचय होता है। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने धर्म सभा में आव्हान किया कि हम इस मानव जीवन में पाप को त्याग कर पुण्य संचय में अपने जीवन को लगाये इसी से आत्म कल्याण होगा।

प्रवचन सभा का शुभारंभ दिगंबर जैन आचार्य इस शदी के महान संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज की सामूहिक पूजन से हुआ। सभा का संचालन कर रहे विकास कुमार जैन ने उल्लेख किया राघौगढ़ नगर गौरव मुनि निर्लेप सागर जी महाराज के नाम से इस नगरी की दुनिया में पहचान बनी है। आचार्य समय सागर जी महाराज की विशेष कृपा से राघौगढ़ नगर वासियों को जीवन में पहली बार मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज का पावन चातुर्मास मिला है। आपने सभी से आग्रह किया कि महाराज जी का सानिध्य प्राप्त कर चातुर्मास में धर्म आराधना करें।

# चरौदा के बच्चों ने बनाया सीड बॉल, 'हरा-भरा गांव' बनाने का लिया संकल्प



**आरंग (विश्व परिवार)।** मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के बच्चों ने 'हरियर पाठशाला अभियान' के तहत पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया ।स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं ने मिट्टी, गोबर खाद और विभिन्न प्रकार के बीजों से सैकड़ों सीड बॉल बनाए। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने सीखा कि इन सीड बॉल को बरसात में खाली जमीनों पर डालने से अपने आप पौधे अंकुरित होकर बड़े पेड़ बन जाएंगे। शिक्षको ने बताया सीड बॉल निर्माण में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं संस्था के प्रधानाध्यापक ने कहा 'हमारा उद्देश्य बच्चों को प्रकृति से जोड़ना है। ये नन्हे हाथ जो सीड बॉल बना रहे हैं, यही कल हमारे गांव को छाया, फल और शुद्ध हवा देंगे।' बच्चों ने भी संकल्प लिया कि वे अपने घर, स्कूल और गांव चरौदा के आसपास की खाली जमीनों पर ये सीड बॉल डालेंगे ताकि हमारा गांव हरा-भरा हो सके।

अंत में सभी बच्चों ने 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ' का संकल्प लिया। इस मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# विजयी भव : कार्यक्रम में छात्रों को मिला कैरियर और जीवन प्रबंधन का मार्गदर्शन

मंदिरहसौद। मंगलवार को शासकीय मातृ सदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदिर हसौद में बढ़व संगवारी संस्था द्वारा 'विजयी भव:' कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की काउंसलिंग की गई ।कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के समन्वयक रामेश्वरी परगनिहा द्वारा संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। उन्होंने छात्रों को संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश दिया। वहीं सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक शिव कुमार वर्मा ने छात्रों को कैरियर विकल्पों की जानकारी देते हुए नशे से बचाव, डिजिटल ड्रग्स, साइबर क्राइम और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी ।डॉ. मीरा बघेल ने सभी छात्रों




का साइकोमैट्रिक टेस्ट लिया और परिणामों की विस्तृत व्याख्या की। साथ ही उन्होंने किशोरावस्था में संतुलित पोषण आहार के महत्व पर भी चर्चा की। संस्था के प्राचार्य स्मृति सिंह ने कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बढ़व संगवारी संस्था का आभार जताया ।इस अवसर पर शाला स्टाफ सहित बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति व सहभागिता रही।

# किशोर महानंद ने की माँ छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए माँ छिन्नमस्तिका के मंदिर में विशेष दर्शन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के साथ, इस पावन अवसर पर सभी ने मिलकर माँ से प्रदेश के विकास, शांति और समृद्धि की कामना की।

मंदिर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर माँ की कृपा से प्रदेश की खुशहाली और प्रगति की प्रार्थना की ।हर हर महादेव हम लोग लगभग 30 साल से बाबा धाम यात्रा में जाते हैं जिसका टीम का अध्यक्ष झामन दास बजाज है किशोर महानंद जी अशोक बजाज आनंद स्वरूप जयराम दास बजाज राजकुमार डेगवानी संजय कृष्णानी मुरली जादवानी श्याम लाल जगदीश आहूजा नरेश कुमार आहूजा निर्मल रूपरेला कैलाश सेजवानी प्रताप सिहानी नंदलाल आडवाणी इत्यादि उपस्थित थे।

# सुख दु:ख कुछ नहीं, सिर्फ मन का समीकरण है..! अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज

**औरंगाबाद (विश्व परिवार)।** गणाचार्य श्री पुष्पदंत सागरजी महाराज के सानिध्य में अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय पियूष सागरजी महाराज ससंघ पुष्पगिरी में वर्षायोग हेतु विराजमान हैं उनके सानिध्य में। वहां पर हर रोज विभिन्न धार्मिक कार्योकम संपन्न हो रहें। रहें हैं। उसी श्रृंखला में आज उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि 'मन' शब्द बड़ा ही चमत्कारिक है - मन के आगे 'न' लगाने से 'नमन' हो जाता है, और 'न' शब्द मन के पीछे लगाने से 'मनन' हो जाता है। यदि जीवन में मनन और नमन को आत्मसात कर लें, तो जीवन सुख शान्ति से भर जाये और सफल सार्थक भी हो जाये।




आज मन को शान्त रखना ही सबसे कठिन काम हो गया है। मन की अशान्ति के कारण - ना नींद आती है, ना भूख लगती है ना प्यास, ना किसी से बात करने का मन करता है, ना कहीं जाने आने का, ना जाप में मन लगता है, ना पाठ में, ना मन्दिर में। मन की अस्वस्थत: शरीर को लाचार और परेशान कर देती है। 75% मन की अशान्ति - मोबाइल के कारण से है। इसलिए तीन समय मोबाइल को इग्नोर करें। भोजन के समय मोबाइल को चार्जिंग पर लगा दें। सोने से पहले बिस्तर परजाते समय मोबाइल काइंटरनेट बंद कर दें ।शौचालय जाते समय मोबाइल साथ लेकर न जाएँ। फिर देखो -- सभी कार्य समय से सम्पन्न होंगे और कार्य करने का आनंद भी आयेगा...!!! पुष्पगिरि तीर्थ पर 23 जुलाई को अंतर्मना जन्मोत्सव का भव्य आयोजन मंगल दीप आराधना, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण, प्रतियोगिताएं एवं भव्य जन्म जयंती समारोह होंगे आकर्षण पुष्पगिरि तीर्थ। परम पूज्य अंतर्मना गणाचार्य श्री 108 पुष्पदंतसागर जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर गुरुवार, 23 जुलाई 2026 को पुष्पगिरि तीर्थ पर विविध धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# शोभायात्रा के साथ होगा मुनि श्री संवेगरत्न सागरजी म.सा. का आगमन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जैन समाज के लिए आध्यात्मिक आस्था का प्रमुख पर्व चातुर्मास इस वर्ष राजधानी रायपुर के विवेकानंद नगर में भव्य भक्तिमय माहौल में आयोजित होगा। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति की ओर से 22 जुलाई बुधवार को परम पूज्य मुनि श्री संवेगरत्न सागरजी म.सा. आदि ठाणा-5 का भव्य चातुर्मास मंगल प्रवेश कराया जाएगा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष जसराज लूणीया ने बताया कि सुबह 7:30 बजे सदर बाजार स्थित श्री ऋषभदेव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए विवेकानंद नगर पहुंचेगी। श्रद्धालु मंगल गीत, धर्मध्वजा और भक्ति भाव के साथ



मुनिराज का मंगल प्रवेश कराएंगे।

चातुर्मास समिति के महासचिव सुरेश बरडिया ने बताया कि चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 8:45 बजे से श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय, विवेकानंद नगर में नियमित प्रवचन होंगे। मुनि श्री संवेगरत्न सागरजी अपने प्रवचनों में धर्म, संयम, सदाचार और आत्मकल्याण का संदेश देंगे।

चातुर्मास समिति ने जैन समाज सहित सभी धर्मप्रेमियों से सहपरिवार उपस्थित होकर चातुर्मास मंगल प्रवेश एवं धार्मिक आयोजनों का लाभ लेने की अपील की है। यह आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति (अंतर्गत श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट, रायपुर) द्वारा विवेकानंद नगर में आयोजित किया जा रहा है।

## चातुर्मास के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन

चातुर्मास के सफल आयोजन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के संचालन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने का निर्णय लिया गया। चातुर्मास समिति का अध्यक्ष जसराज लूणीया, महासचिव सुरेश बरडिया, कोषाध्यक्ष मोती सराफ को बनाया गया है। शिखरचंद गोलछा को भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रमुख संरक्षक राजेश मुणोत, संरक्षक श्यामसुंदर बैदमुथा व पुखराज मुणोत हैं।

# विराग वर्धन वर्षायोग-2026 : के संदर्भ में 'वर्षायोग मंगलप्रवेश पत्रिका का विमोचन'

**कोटा (राज) (विश्व परिवार)।** समाधिस्थ गणाचार्य विरागसागर जी महाराज के सुशिष्य एवं पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती 'परम पूज्य गणधर मुनिश्री 108 विवर्धनसागर जी महाराज ससंघ (06 पिच्छी)' के आगामी 'विराग वर्धन वर्षायोग-2026' के संदर्भ में 'वर्षायोग मंगलप्रवेश पत्रिका का विमोचन' पूज्य मुनिसंघ के पावन सानिध्य में आज दिनांक 21 जुलाई मंगलवार प्रात: 08:30 बजे, श्री दि. जैन मन्दिर परिसर, विज्ञाननगर में सकल दि. जैन समाज समिति, कोटा एवं रिद्धि सिद्धि नगर और विज्ञाननगर समाज के पदाधिकारियों द्वारा हर्षोल्लास के मंगलमय वातावरण में किया गया। विगत 35 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राष्ट्र गौरव



राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन 'पार्श्वमणि' पत्रकार कोटा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर श्री सकल दि. जैन समाज समिति, कोटा के अध्यक्ष प्रकाश जी बज के साथ विमल जी 'नान्ता', राजमल जी पाटोदी, पदम जी बड़ला, जे.के. जैन सा., ताराचंद जी बड़ला, मनोज जी जैसवाल, नरेश जी वेद, अनिल जी ठोरा, राजेन्द्र जी गोधा, दीपक जैन डीसीएम, आशीष जी जैसवाल, बाबूलाल जी रेबारपुरा, पारसमल जी CA, टीकम जी पाटनी, पंकज जी खटोड़, संजय जी लुहाड़िया, अनुज जी बाकलीवाल, राजेन्द्र जी पाटनी, दिनेश जैन, अंकुर जैन आदि अनेक श्रावकों एवं महिला शक्ति ने अपनी गरिमामई उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाकर उसमें चार चांद लगा दिए। सभी ने मुनिसंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांश फउंडेशन ने किया नि:शुल्क बैग वितरण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिव्यांश फउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया । जिसमें लगभग पूरे विद्यालय के बच्चों को नि:शुल्क बैग वितरण किया गया। जिससे अन्य बच्चों को आगे बढने् का उत्साह बढ़े और बच्चे अच्छे से मेहनत करे । भविष्य में तरक्की कर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करें। सर्व शिक्षा अभियान सब-पढ़े सब-बढ़े के उद्देश्य से विद्यालय प्रवेश महोत्सव का आयोजन दिनांक 13 जुलाई को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन आयरन एंड स्टील प्रा. लि. सीएसआर के माध्यम से किया गया । कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में मनीष राय, पवन यदु, मुकेश साहू, प्रणव वर्मा और लाखन जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

### अतिक्रमण टूटा, बढ़ी रंजिश, परिवार समेत बच्चे को जान से मारने की धमकी

**कोरबा।** काशीनगर बस्ती में नगर निगम के अतिक्रमणरोधी अमले की तोड़फ़ेड़ की कार्रवाई के बाद विवाद गहरा गया है। कार्रवाई के बाद प्रभावित कुछ लोगों ने इसके लिए मोहल्ले के दो लोगों पर जिम्मेदारी डाली। उनके घर पहुंच कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। बच्चे को रास्ते से उठाकर मार डालने के लिए धमकाया गया। निगम कमिश्नर के लिए भी गाली-गलौज और अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। पूरे मामले में एफ़आईआर दर्ज कर ली गई है। प्रार्थी शत्रुहन राठौर पिता स्व. रामायण राठौर अपने परिवार के साथ पुराना काशीनगर वार्ड क्र-24 में रहता है। 15 जुलाई 2026 को नगर निगम के तोड़फ़ेड़ दस्ता के द्वारा मोहल्ले में आकर जिन व्यक्तियों के द्वारा अवैध निर्माण कराया गया था, उसे तोड़ा गया। मोहल्ले के बहुत लोगों के घर को तोड़ा गया जिससे मोहल्ले में काफी तनाव का महौल रहा। इस बीच 17 जुलाई को किरण देवांगन, अरुण देवांगन एवं शांता बाई देवांगन प्रार्थी शत्रुघ्न राठौर की अनुपस्थिति में सुबह करीब 8-9 बजे उसके घर के गेट के पास आकर पत्नी के साथ गाली-गलौच करने लगे। कहने लगे कि तुम्हारे पति शत्रुहन राठौर एवं शिवनारायण सिंह ने उनका घर तोड़वाया है, परिवार को जान से मार देंगे। किरण देवांगन के द्वारा आयुक्त नगर पालिक निगम को भी अश्लील गाली दी गई। शत्रुघ्न की पत्नी के द्वारा मना करने पर उसे मारने का प्रयास किया एवं बोला कि तुम्हारा बच्चा ट्यूशन जाता है, अकेले मिलेगा तो जान से मार देंगे। इस बीच जब शत्रुघ्न वहाँ पहुंचा और मोहल्ले के अन्य लोग भी वहाँ आ गए तो, वे लोग गाली-गलौच करते हुए अपने घर चले गये। इस घटना व धमकी से प्रार्थी का परिवार काफी डरा हुआ है। उसके बच्चे की जान को भी खतरा है। सिविल लाइन थाना रामपुर में शत्रुहन राठौर की रिपोर्ट पर आरोपी किरण देवांगन , अरुण देवांगन , शांताबाई देवांगन के विरुद्ध धारा 296, 3(5), 351(3) ठ्छै के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# गरियाबंद में बाहरी प्रवासियों और किरायेदारों का होगा सघन सत्यापन, पुलिस ने शुरू किया विशेष अभियान

**कोटवारों-सरपंचों की बैठक में दिए गए सख्त निर्देश, बिना सत्यापन किरायेदार रखने वाले मकान मालिकों पर होगी वैधानिक कार्रवाई**






**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष सत्यापन अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कोटवारों और ग्राम सरपंचों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर उन्हें जमीनी स्तर पर सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों और बिना सत्यापन किरायेदारों की पहचान कर उनका शत-प्रतिशत रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि गांव और शहर में मजदूरी, रोजगार या अन्य कार्यों के लिए बाहर से आकर रहने वाले प्रत्येक नए व्यक्ति की जानकारी तत्काल संबंधित थाने को उपलब्ध कराई जाए। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होता है या उसके पास वैध पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं हैं, तो इसकी सूचना बिना विलंब पुलिस तक पहुंचाई जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**किरायेदार सत्यापन नहीं कराया तो होगी कार्रवाई-** पुलिस ने बताया कि जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग किराये के मकानों में रह रहे हैं। ऐसे में बाहरी व्यक्तियों के आपराधिक रिकॉर्ड और उनकी गतिविधियों की जांच कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। सभी मकान मालिकों को अपने किरायेदारों का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए पुलिस के 'समाधान ऐप' के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा भी उपलब्ध है। नियमों की अनदेखी करने वाले मकान मालिकों के खिलाफवैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस ने मांगा जनसहयोग-** पुलिस ने आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और गृहस्वामियों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि जिले को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाने में हर जागरूक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल निकटतम थाना प्रभारी को देकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करें।

## स्कूल में साइबर सुरक्षा और बच्चों के अधिकारों का दिया गया पाठ



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में जिले में सामाजिक जागरूकता और छात्र सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में गरियाबंद साइबर सेल और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने साइबर जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान साइबर सेल की टीम ने विद्यार्थियों को तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन अपराधों और साइबर ठगी के नए-नए तरीकों से अवगत कराया। बच्चों को समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, आधार नंबर या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। साथ ही फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत जानकारी और तस्वीरें सोच-समझकर साझा करने की सलाह दी गई। ऑनलाइन लॉटरी, गेमिंग फ्रॉड और संदिग्ध लिंक से दूर रहने तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।

वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने बच्चों को घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट तथा गुड टच-बैड टच की जानकारी सरल और सहज भाषा में दी। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में चुप न रहने और तुरंत भरोसेमंद लोगों या पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर में आपातकालीन परिस्थितियों के लिए 112, महिला हेल्पलाइन 1091 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता भी विस्तार से बताई गई, ताकि जरूरत पड़ने पर बच्चे बिना झिझक सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि स्कूली बच्चे समाज का भविष्य हैं और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में बच्चों को डिजिटल साक्षर बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। साथ ही घरेलू हिंसा और बाल अपराध जैसे संवेदनशील विषयों पर खुलकर संवाद करने से बच्चों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत होगा।

## जंगल से नक्सलियों का डंप बरामद: बीजीएल सेल, एम्युनेशन और विस्फोटक सामग्री जब्त



**कांकेर।** उत्तर बस्तर कांकेर और नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आलपरस और गुमचुर के मध्य स्थित दुर्गम जंगल व पहाड़ी इलाकों में चलाए गए संयुक्त सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक गुप्त डंप का पर्दाफाश किया है। इस ठिकाने से भारी मात्रा में एम्युनेशन, बीजीएल सेल, कॉर्डेक्स वायर, डेटोनेटर सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है। बरामद किए गए बीजीएल सेल, डेटोनेटर और कॉर्डेक्स वायर को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बीडीएस की टीम द्वारा मौके पर ही सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया गया। यह महत्वपूर्ण सफलता वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में मिली है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बद्री नारायण मीणा (भा.पु.से.), बीएसएफ भानुप्रतापपुर के डीआईजी दीपक तिवारी, कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा तथा 40 वीं वाहिनी बीएसएफ कोयलीबेड़ा के सेनानी रणधीर सिंह गिल के निर्देशन में जिले के अति संवेदनशील और सीमावर्ती इलाकों में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में डीआरजी (छ्त्रन्न), बीएसएफ(क्र्स्न) और बीडीएस की संयुक्त टीम द्वारा सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया था। कार्रवाई के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए ठिकाने से इंसास के 42 राउंड, 303 रायफ्ल के 48 राउंड, एसएलआर के 23 राउंड, 8द्वद्व के 34 राउंड, 315 ब्लैंक के 8 राउंड, 8 नग बीजीएल सेल, 10 नग डेटोनेटर, 10 मीटर कॉर्डेक्स वायर, 4 मीटर कॉम्बेड कपड़ा, 10 किलोग्राम और 5 किलोग्राम के दो स्टील डिब्बे, दवाइयां तथा अन्य दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की गईं। इस पूरे अभियान को सफ्ल बनाने में टीम कमांडर बीएसएफ40 वीं वाहिनी के अंकुश कुमार (एसी), उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, उप निरीक्षक रजत जेफ, उप निरीक्षक रोशन लाल मीणा तथा डीआरजी टीम कमांडर सहायक उप निरीक्षक चंद्रशेखर ठाकुर की अगुवाई में सुरक्षा बलों के जवानों की सराहनीय भूमिका रही। कांकेर पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और जन-सामान्य का विश्वास बनाए रखने के लिए सीमावर्ती इलाकों में इस तरह के सघन जांच व सर्चिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## गरियाबंद में जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल संपन्न, 110 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को पीएम स्कूल, गरियाबंद के खेल मैदान में जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में जिले के चारों विकासखंड—गरियाबंद, मैनपुर, छुरा और फिंगेश्वर—से चयनित खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला स्तरीय चयन परीक्षण में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के 110 से अधिक बालक खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं बालिका वर्ग में भी चारों विकासखंडों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी ट्रायल देने पहुंचीं। खिलाड़ियों का मूल्यांकन तकनीकी समिति ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग और शारीरिक दक्षता के आधार पर किया।

उल्लेखनीय है कि 10 जुलाई को चारों विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय ट्रायल आयोजित किए गए थे। इनमें चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तरीय ट्रायल के लिए आमंत्रित किया गया, जहां उनके प्रदर्शन के आधार पर आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए संभावित टीम का चयन किया जाएगा।

ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों में चयन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे दिन खेल मैदान में प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बना रहा और खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।

ट्रायल को सफ्ल बनाने में नोडल अधिकारी संजीव साहू, सूरज महादिक, देवेंद्र वंजारी, नंद कुमार रात्रे, निलेश देवांगन, खुमेश साहू, दानवीर साहू, देवेंद्र पांडे, महेंद्र राजपूत, महेंद्र यादव, एस. नारायण, जीतू सेन, डोमेश्वर ध्रुव, पंकज साहू तथा गोप कुमार वत्सल गुप्ता (मैनपुर) सहित खेल अधिकारियों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

चयन समिति ने बताया कि ट्रायल में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सूची तैयार कर नियमानुसार अगले चरण की चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिले के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए यह ट्रायल अपनी प्रतिभा साबित करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**
Email - ID: ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph. No.-07786-296017

**मैनुअल पद्धति वर्ष 2026-27 हेतु सूचना क्रमांक –04 (प्रथम दौर)**

**निविदा आमंत्रण**

क्रमांक / 04 /व.ले.लि./ नि.प्र./ ग्रा.यां. सेवा/ 2026 — कोण्डागांव,दिनांक 17/07/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 03.08.2026 शाम 5.00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लांगत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अंतर्गत प्रा. सेवा सहकारी समितियों में गोदाम सह शॉप रूम, टॉयलेट निर्माण कार्य फरसगांव, विकासखण्ड-फरसगांव। | 23.82 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 20.07.2026 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

जी- 262702228/1

**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव**

# विधायक भावना बोहरा ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

■ इन्दौरी क्षेत्र में 1 करोड़ 07 लाख 19 रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**पंडरिया ( विश्व परिवार )।** विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विधायक भावना बोहरा ने आज इन्दौरी क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा, झिरौनी और केसली में 1 करोड़ 07 लाख 19 रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने दो गौरव पथ, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, भूमि समतलीकरण, शिव मंदिर जीर्णोद्धार सहित विभिन्न जनहितकारी निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया तथा प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। विधायक भावना बोहरा द्वारा इन विकास कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ शिक्षा, सामाजिक अधोसंरचना, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा ग्रामीण जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना बोहरा का स्वागत करते हुए इन विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि इन निर्माण कार्यों से गांवों के सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं आधारभूत विकास को नई दिशा मिलेगी।

### इंदौरी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों को मिली इन विकास कार्यों की सौगात

विधायक भावना बोहरा ने ग्राम कोसमंदा में सीसी रोड और नाली निर्माण सहित 31 लाख 17 हजार एवं 23 लाख 3 हजार की लागत से निर्मित होने वाले दो गौरव पथ, 16 लाख रुपए की लागत से गौठान व स्कूल का समतलीकरण, 5 लाख रुपए की लागत से शनि मंदिर का जीर्णोद्धार तथा ग्राम झिरौनी में 11 लाख 69 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम केसली में 20 लाख 30 हजार रुपए की लागत से निर्मित शासकीय प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को इन विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास ही विकसित पंडरिया की आधारशिला है। गांव तभी आगे बढ़ेंगे जब वहां मजबूत सड़कें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर सामाजिक अधोसंरचना और सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों का संरक्षण समान रूप से सुनिश्चित होगा। इसी सोच के साथ माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और पंडरिया विधानसभा इसी सोच के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। गांवों में बनने वाले गौरव पथ आवागमन को सुगम बनाकर स्थानीय विकास को नई गति देंगे।

# लायंस क्लब रायपुर प्रेरणा ने नई टीम का गठन किया

■ जिले का पहला अंतर्राष्ट्रीय सदस्यों का लियो क्लब लॉन्च किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लायंस क्लब रायपुर प्रेरणा ने वृंदावन हॉल, सिविल लाइन्स, रायपुर में अपने स्थापना समारोह, चार्टर डे उत्सव, लियो क्लब रायपुर प्रेरणा के शुभारंभ और प्रतिष्ठित डॉक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के सम्मान समारोह के साथ 18 जुलाई 2026 को एक ऐतिहासिक शाम का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई डिस्ट्रिक्ट गवर्नर PMJF लायन रिपुदमन सिंह पुसरी ने मुख्य अतिथि एवं स्थापना अधिकारी के रूप में। विशेष अतिथि के रूप में PDG PMJF लायन शैलेश अग्रवाल उपस्थित रहे और PMJF लायन त्रिलोक बराड़िया ने मुख्य भाषण दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे जिनमें PMJF लायन पर्पीदर कौर पुसरी, PMJF लायन दिलशिरीन कौर पुसरी, लायन डॉ. अरविंद नेरल, लायन मोहन छाबड़ा, लायन ईश्वर अग्रवाल, लायन डॉ. निरंजन हरितवाल, लायन डी. आर. वधवानी, लायन प्रेम शर्मा, PMJF लायन मीनाक्षी कौशल, लायन डॉ. संगीता नेरल और लायन दिवाकर अवस्थी शामिल थे। विभिन्न लायंस क्लबों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, विशिष्ट पेशेवर, मीडिया और आमंत्रित अतिथि भी उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पुसरी ने औपचारिक रूप से लायंस क्लब रायपुर प्रेरणा के 2026-27 के पदाधिकारियों को स्थापित किया। इनमें MJF लायन डॉ. संयुक्ता गांधी अध्यक्ष, लायन नवनीत कौर ग्रेवाल सचिव, लायन सत्येंद्र सिंह संयुक्त सचिव, लायन डॉ. स्मिता प्रेमानंद कोषाध्यक्ष और लायन मनोज शुक्ला संयुक्त कोषाध्यक्ष बने।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने 119वें स्थापना दिवस पर डिजिटल, रिटेल और एमएसएमई क्षेत्र से जुड़ी व्यापक पहलों की घोषणा की

■ आरोहण जीसीआईसी, नए बॉबवर्ल्ड और अदिति के शुभारंभ के साथ बैंक ने अपनी तकनीकी श्रेष्ठता को किया और सुदृढ़




**मुंबई।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने 119वें स्थापना दिवस के अवसर पर भरोसे, नवाचार और स्थायित्वपूर्ण व्यवसाय वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुनः दोहराया। बैंक के 119वें वर्ष की थीम, 'नेतृत्व भरोसे का' सत्यनिष्ठा, नवाचार और समावेशन के साथ नेतृत्व करने के उसके दृष्टिकोण को दर्शाती है, साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि भरोसा हर ग्राहक संबंध की नींव और उसके भावी विकास का आधारस्तंभ बना रहे। इस अवसर पर, बैंक ने तकनीक और डिजिटल नवाचार, रिटेल और एमएसएमई बैंकिंग एवं संवहनीय फायनांस और वित्तीय समावेशन से संबंधित अनेक व्यापक पहलों की घोषणा की।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि श्री सचिन तेंदुलकर ने बैंक के मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म नए बॉब वर्ल्ड ऐप का शुभारंभ किया। इसे एक अधिक कुशल, सहज, सुरक्षित और ज़्यादा पर्सनलाइज्ड बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए नए सिरे से तैयार किया गया है। बैंक ने अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी, इनोवेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशन सेंटर - 'आरोहण GCIC' की भी शुरुआत की जो तकनीकी, अनुसंधान, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और नवाचार के लिए एक कार्यनीतिक केंद्र होगा। यह केंद्र बैंक के तकनीक आधारित ट्रांसफॉर्मेशन को गति देगा और भविष्य के लिए तैयार बैंकिंग समाधान विकसित करेगा। बैंक ने अपने इंटेलिजेंट वर्चुअल फ्रंट ऑफिस अदिति 2.0 का भी अनावरण किया, जो ग्राहकों को सहज बातचीत के माध्यम से बहुभाषी, वॉइस एनेबल्ड कंवर्सेशनल बैंकिंग की सुविधा प्रदान करता है। अन्य प्रमुख उत्पादों में 'bob Ele18 होम लोन', EV चार्जिंग स्टेशन और बैटरी-स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बॉब ग्रीन प्लग लेंडिंग स्कीम और 'बॉब अग्निवीर एमएसएमई फायनांसिंग स्कीम के साथ-साथ कई अन्य पहलें शामिल हैं।

# स्वस्थ मस्तिष्क: स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पूँजी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सुबह आँख खुलते ही हम सोचते हैं, बोलते हैं, मुस्कुराते हैं, अपने प्रियजनों को पहचानते हैं और अपने दिन की शुरुआत करते हैं। इन सभी कार्यों के पीछे एक अद्भुत अंग है—हमारा मस्तिष्क।

विडंबना यह है कि हम अपने हृदय, किडनी या लीवर के बारे में तो अक्सर सोचते हैं, लेकिन मस्तिष्क की देखभाल के बारे में तब तक गंभीर नहीं होते, जब तक कोई समस्या सामने न आ जाए।

विश्व मस्तिष्क दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 22 जुलाई को मनाया जाता है, हमें यही याद दिलाता है कि मस्तिष्क स्वस्थ होगा, तभी जीवन स्वस्थ, स्वतंत्र और सार्थक होगा। वर्ष 2026 का विषय है- 'Brain Health: Access for All' (सभी के लिए मस्तिष्क स्वास्थ्य)। इसका संदेश है कि प्रत्येक व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी गाँव, शहर या आर्थिक वर्ग से हो, मस्तिष्क संबंधी रोगों की जानकारी, समय पर जाँच, उपचार और पुनर्वास की सुविधा मिलनी चाहिए।

आज विश्वभर में स्ट्रोक, डिमेंशिया, मिर्गी, पार्किंसन रोग और माइग्रेन जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियाँ करोड़ों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इनमें से अनेक रोगों का खतरा कम किया जा सकता है यदि हम समय रहते अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

यदि मुझे केवल एक ही सलाह देनी हो, तो मैं कहूँगा- 'अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को नियंत्रित रखें।'

# भीषण हृदयाघात के बाद दिल ने लगभग काम करना किया बंद

■ रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर में आपातकालीन उपचार, ईसीएमओ जीवन रक्षक प्रणाली और एंजियोप्लास्टी से बचाई गई मरीज की जान




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर के चिकित्सकों ने 56 वर्षीय एक मरीज की जान बचाकर गंभीर हृदय आपातकाल के उपचार में बड़ी सफलता हासिल की। मरीज को भीषण हृदयाघात के बाद अत्यंत गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। हृदयाघात के कारण उनका हृदय बुरी तरह प्रभावित हो चुका था और शरीर के अन्य अंगों तक पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं पहुंच पा रहा था। उनकी जान को तत्काल खतरा था।

रायपुर निवासी 56 वर्षीय राजेश साहू (नाम परिवर्तित) को सीने में तेज दर्द के बाद अस्पताल लाया गया। जांच में पता चला कि हृदय तक रक्त पहुंचाने वाली तीनों प्रमुख धमनियां गंभीर रूप से अवरुद्ध थीं। इसके साथ ही फेफड़ों में पानी भर गया था, हृदय की धड़कन अनियमित हो गई थी और हृदय की रक्त पंप करने की क्षमता भी काफी कम हो चुकी थी, जिससे उनकी स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सबसे पहले रक्त के थक्के को घोलने वाली आपातकालीन दवा देकर हृदय तक रक्त प्रवाह बहाल करने का प्रयास किया। लेकिन समय पर उपचार शुरू होने के बावजूद मरीज की हालत लगातार बिगड़ती रही। मरीज की जान बचाने के लिए चिकित्सकों ने तुरंत एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन (ECMO) तकनीक का सहारा लिया। यह गंभीर हृदय और फेफड़ों के मरीजों के लिए उपलब्ध सबसे उन्नत जीवन रक्षक तकनीकों में से एक है। इस तकनीक ने कुछ समय के लिए मरीज के हृदय और फेफड़ों का कार्य संभाला, जिससे पूरे शरीर में रक्त और ऑक्सीजन की आपूर्ति बनी रही। इससे चिकित्सकों को मरीज की स्थिति स्थिर करने और सुरक्षित तरीके से जीवनरक्षक एंजियोप्लास्टी करने का समय मिल गया।

मरीज की स्थिति नियंत्रित होने के बाद चिकित्सकों ने कोरोनरी एंजियोग्राफी की, जिसमें कई गंभीर अवरोधों की पुष्टि हुई। इसके बाद आपातकालीन एंजियोप्लास्टी कर हृदय की मुख्य धमनी में दवा युक्त विशेष स्टेंट लगाया गया, जिससे रक्त प्रवाह सामान्य हो गया।


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**Zone-10**

Email:- rmezone10@gmail.com
e-Procurement Tender Notice Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO:- 13 — RAIPUR DATED 21-07-2026

Online bids are invited for the following works up to 11-08-2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 195778 | नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत वार्ड क्र.53 बाबू जगजीवन राम वार्ड में पवन जांगडे के घर से लेकर अजय फर्नीचर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद) | 12.71 Lakh |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 21-07-2026, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID Procurement Systein. helpdesk.eproc@cgs.wan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE-10
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33255/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 20-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33255
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446K1134A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY SUNDRANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAWAHAR LAL SUNDRANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAVI CHANDARMAL MAKHIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDARMAL MAKHIJA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33254/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33254
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P00196** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIKHIL KHALKHO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMRIT KUMAR KHALKHO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JHANAK YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAKHAN LAL YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33486/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33486
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N00048** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KOMAL DUSEJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LEKH RAJ DUSEJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **UTKRSH DHANWANI AND LATA DHANWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJKUMAR DHANWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33311/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33311
वार्ड का नाम-43- ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758B00161** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHHERKA PRAKASH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O RAMANUJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DINESH KUMAR CHOUBEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE. CHHERKA PRASAD SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आपसी बंटवारानामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33489/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33489
वार्ड का नाम-29 - गुरु गोविन्द सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 29 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334F00070** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MO. KALIM KHAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE A. SATTAR KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMAD JAHANGIR HUSSAIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE. JAKIR HUSSAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33108/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33108
वार्ड का नाम-43- ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758C00029** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SADHURAM TIKARIHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O NANDURAM TIKARIHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. LAXMIKANT SHARMA 2. RAMAKANT SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O PUNA LAL SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./32944/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 32944
वार्ड का नाम-43- ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759D00069** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. SARASWATI BAI, INDRA RAO, CHINTAMANI, GANESH PADAMWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **गणेश पदमवार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री इन्दर राव पदमवार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आपसी बंटवारानामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33485/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33485
वार्ड का नाम-54- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M1838Z** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AVIVA BUILDERS AND DEVELOPERS DWARA PARTNER MOHAMMED IRFAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MO. IKRAM ULLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANITA VAISHNAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHNU DAS VAISHNAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33469/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33469
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N00168** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ISHAN SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAVIN SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANIL MEWADE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMCHANDRA MEWADE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33349 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33349
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652R00844** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEEPAK GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JITENDRA PRASAD GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANISH KOHLE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRASHEKHAR KOHLE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33315/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33315
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P0196C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VARUN PRADHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ARUN PRADHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JHANAK YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAKHAN LAL YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय, माना कैम्प रायपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह प्रवेश श्रवण बाधित न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले विद्यार्थियों के लिए है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 2 पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। बीपीए बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में गायन और तबला वादन संगीत की पढ़ाई होगी जिसके लिए दृष्टि बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी पात्र हैं। वहीं बीपीए बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स में चित्रकला विषय है जिसके लिए श्रवण बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। 12 वीं उत्तीर्ण इच्छुक दिव्यांग विद्यार्थी आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश ले सकते हैं।



## जैन (गोइल) परिवार में विवाह उत्सव

## चि. संस्कार संग सौ.कां मान्या का शुभ पाणिग्रहण संस्कार सौउल्लास संपन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी श्री राजीव जैन गोइल - श्रीमती रुचि गोइल के सुपुत्र चिरंजीव संस्कार का शुभ मंगल पाणिग्रहण दुर्ग निवासी श्री मनोज जैन - श्रीमती नीलू जैन की सुपुत्री सौ.कां. मान्या के साथ गत दिवस दिनांक 20 जुलाई, दिन सोमवार को रायपुर एयरपोर्ट के सामने स्थित जैनम मानस भवन में भव्य आयोजन के मध्य सानंद संपन्न हुआ।

उत्सव में उभय पक्ष के सगे-संबंधी जनों शुभचिंतकों, ईष्ट मित्रों समाजसेवियों, व्यापारियों ने सम्मिलित होकर के नव दंपति को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की।

आगंतुकों का स्वागत श्री राजीव -श्रीमती रुचि जैन गोइल, श्री संजीव- श्रीमती रिचा जैन गोइल, श्री अमित- श्रीमती रिया जैन गोइल, अशोक, पवन, सुनील, नीरज, शानू गोइल, सम्यक, संयम, सात्विक, स्वरित, स्वरा एवं समस्त जैन (गोइल) परिवार ने किया।

दैनिक विश्व परिवार 'परिवार' नव दम्पति के भावी यशस्वी, सुदीर्घ एवं सुखी जीवन हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

# मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में पीपीपीएसी की बैठक सम्पन्न

■ चित्रकोट जल प्रपात के पास तीरथ गांव में 25 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी टेंट सिटी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चित्रकोट जलप्रपात के समीप तीरथ गांव में टेंट सिटी विकसित करने के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में बताया गया कि इस प्रोजेक्ट को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। प्रोजेक्ट का मुख्य स्थान बस्तर जिले के ग्राम तीरथ चित्रकोट जलप्रपात से 500 मीटर की दूरी पर होगा। बैठक में प्रोजेक्ट के वित्तीय प्रबंधन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पर्यटन विभाग के अधिकारी ने बताया कि यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी, डेस्टिनेशन वेडिंग और कॉन्फ्रेंस हॉल भी विकसित किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि चित्रकोट जल प्रपात क्षेत्र के आस-पास वर्ल्ड क्लास टूरिज्म डेसिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाना



चाहिए। उन्होंने कहा कि चित्रकोट देश का बड़ा जलप्रपात है। टेंट सिटी बनने पर बस्तर क्षेत्र में सालभर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

बैठक में वित्त विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, प्रबंध संचालक पर्यटन मंडल श्री विवेक आचार्य सहित पर्यटन विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## अधिकारियो व कर्मचारियो की बैठक लेकर आयुक्त मरकाम ने दिये दिशा निर्देश



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने आज अपने कक्ष में निगम के प्रमुख अधिकारियो व कर्मचारियो की बैठक लेकर सीएम हेल्प लाईन व निदान 1100 में प्राप्त शिकायतो का गंभीरता से निराकरण करने तथा नागरिको की समस्या व उनको दी जाने वाली सुविधा संबंधी प्रकरणो का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी विभागीय कार्य ई-आफिस के माध्यम से संपादित करना सुनिश्चित करे, इसके अलावा सुशासन तिहार में प्राप्त शेष आवेदनो का अतिशीघ्र निराकरण करने तथा सीएम हेल्प लाईन, निदान 1100 एवं प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायत व आवेदन के संबंध में विभाग वार चर्चा कर प्राथमिकता से यथा संभव शीघ्र निराकरण करने कहा। इसी प्रकार हाईकोर्ट के लंबित प्रकरणो में जवाबदावा एवं अन्य कार्यवाही निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने वर्षा ऋतु में जल जनित बीमारी से बचाव के लिए वार्ड में स्थल चयन कर रोकथाम हेतु प्रभवी कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि शहर में समुचित साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

## चि.सिद्धार्थ संग सौ.कां ख्याति का शुभ पाणिग्रहण संस्कार सौउल्लास संपन्न



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** जैन समाज के प्रतिष्ठित परिवारों में मांगलिक परिणयोत्सव का आयोजन 20 जुलाई 2026, सोमवार को अग्रसेन भवन, राजनांदगांव मे हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर हस्तिनापुर (मेरठ) निवासी श्रीमती रीतू जैन एवं कीर्तिशेष श्री प्रदीप जैन की सुपुत्री सौ.कां ख्याति जैन का शुभ विवाह राजनांदगांव निवासी श्रीमती सीमा जैन एवं श्री मनोज जैन के सुपुत्र चि. सिद्धार्थ जैन के साथ सानंद संपन्न हुआ।

इस अवसर पर दोनों परिवारों के परिजन, रिश्तेदार, समाजजन एवं शुभचिंतकों ने वर-वधू को सुखद एवं मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किए।

दैनिक विश्व परिवार 'परिवार' नव दम्पति के भावी यशस्वी, सुदीर्घ एवं सुखी जीवन हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

## लोक कर्म विभाग की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की प्रगति पर सख्त नजर

■ शंकर नाला, सरस्वती नगर, वार्ड 34 व 57 सहित विभिन्न विकास कार्यों पर लिए गए अहम निर्णय



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम दुर्ग मुख्यालय में आज महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में लोक कर्म विभाग के प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई,बैठक में नगर निगम के सभी जोनों में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

प्रभारी श्री चन्द्राकर ने प्रत्येक कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए यह समीक्षा की कि कौन-कौन से कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, कौन से कार्य प्रगतिरत हैं तथा किन कार्यों का कार्यादेश जारी होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने लंबित कार्यों के कारणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में नियोजन एवं लोक कर्म समिति के विभिन्न विषयों पर लिए गए निर्णयों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान आर.आई. एवं पटवारी की मांग, शंकर नगर पानी टंकी क्षेत्र का सीमांकन एवं घेराबंदी, शंकर नाला (अग्रसेन चौक से श्री शिवम् तक) में बोल्डर एवं गाद की सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को पत्र प्रेषित करने तथा नाला किनारे हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए।

# भाजपा प्रदेश पदाधिकारी बैठक संपन्न




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में मंगलवार को भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की एक अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव व विजय शर्मा, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वय सुश्री सरोज पांडेय व सुश्री लता उसेंडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री त्रय यशवंत जैन, अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कण्डेय सहित भाजपा प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा सेक्टर-III कोयला खदान को मिला राष्ट्रीय स्तर पर 5-स्टार रेटिंग

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी की गारे पेलमा सेक्टर-III कोयला खदान को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। जनरेशन कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित स्टार रेटिंग मूल्यांकन में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की है।

सी एस पी जी सी एल
CSPGCL

भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार गारे पेलमा सेक्टर-ढ्ढढ्ढ कोयला खदान ने देश की 206 ओपनकास्ट कोयला खदानों में राष्ट्रीय स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त किया है। साथ ही यह गारे पेलमा कोलफील्ड की सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाली खदानों में भी शामिल है। पावर कंपनीज के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री संजीव कुमार कटियार ने कहा कि इसके पहले भी केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीनस्थ खान सुरक्षा महानिदेशालय ने जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा खदान को पुरस्कृत किया है। वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 में इसे सात राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए थे।

## आंजनेय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतिभाओं का संगम

■ 'द्वितीय आईएम सागर शाह विज़नरी चेस कप 2026' का सफल आयोजन, देशभर से पहुंचे लगभग 200 खिलाड़ी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आंजनेय विश्वविद्यालय एवं टीम चेस सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'द्वितीय आईएम सागर शाह विज़नरी चेस कप 2026' का भव्य आयोजन आंजनेय विश्वविद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 200 शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी रणनीतिक क्षमता एवं खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

1850 ईएलओ से कम रेटिंग वाले खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उभरती हुई शतरंज प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना तथा युवाओं में बौद्धिक खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा देना था। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं रेटिंग वर्गों के 70 से अधिक खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में छह खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं शतरंज प्रेमियों का उत्साह देखने योग्य रहा। सभी प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, अनुशासित संचालन एवं सकारात्मक वातावरण की सराहना की। आंजनेय विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. प्रांजलि गनी ने कहा, 'आंजनेय विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को खेल, नवाचार, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर के अवसर उपलब्ध कराना भी है।

## ओवरहेड टैंक की पाइपलाइन फटने से वार्ड 14 की जलापूर्ति बाधित



**जामुल।** वार्ड क्रमांक 14 में ओवरहेड टैंक की मुख्य पाइपलाइन फट जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। समस्या की जानकारी वार्ड पार्षद एवं स्थानीय नागरिकों ने तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर को दी। सूचना मिलते ही पालिकाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को पाइपलाइन की मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ कर जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा समस्या के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 3 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन

■ उच्च शिक्षा में 'जनरेटिव एआई और उन्नत तकनीक' पर कार्यक्रम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे तकनीकी बदलावों को अपनाने और शिक्षकों की पेशेवर दक्षता को निखारने के उद्देश्य से, कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी, रायपुर में 17 जुलाई से 19 जुलाई 2026 तक तीन दिवसीय हैंड्स-ऑन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ऑफलाइन कार्यक्रम का मुख्य विषय 'हायर एजुकेशन में जनरेटिव एआई, इंटरैक्टिव ई-कॉमर्स और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का इंटीग्रेशन' था।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 17 जुलाई को सुबह 9:50 बजे एक औपचारिक उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। इस अवसर पर कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी, रायपुर के डायरेक्टर, डॉ. एस. एन. पांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में इंटरनल क्वालिटी इवैल्यूएशन सेल (कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी) की डायरेक्टर, डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण से अतिथियों और प्रतिभागी फैकल्टी मेंबर्स का उत्साहवर्धन किया।

### कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

इस तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को मुख्य रूप से उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य के अनुरूप डिजाइन किया गया था, जिसके प्रमुख उद्देश्य था:

- फैकल्टी मेंबर्स को जनरेटिव एआई और नवीनतम एजुकेशनल टेक्नोलॉजी से अवगत कराना।
- एआई आधारित इंटरैक्टिव ई-कंटेंट बनाने के लिए प्रैक्टिकल स्किल विकसित करना।
- एआई के इंटीग्रेशन के माध्यम से टीचिंग, लर्निंग और एसेस्मेंट की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना।
- कक्षा में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी संचालित शिक्षण विधियों को प्रोत्साहित करना।

## आयोग की ठोस मॉनिटरिंग और SJPU (पुलिस) की मेहनत से सकुशल लौटी बच्ची



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा की त्वरित पहल और लगातार मॉनिटरिंग के बाद बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र से लापता 12 वर्षीय बालिका को SJPU रश्मी कौर (पुलिस) ने सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले में बिलासपुर पुलिस द्वारा आयोग को विस्तृत प्रतिवेदन भी भेजा गया है। गौरतलब है कि 3 जुलाई की सुबह बालिका की मां ने आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा से दूरभाष पर संपर्क कर अपनी 12 वर्षीय पुत्री के 27 जून से लापता होने की जानकारी दी थी। उन्होंने आशंका जताई थी कि बच्ची किसी असुरक्षित स्थिति में हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. वर्णिका शर्मा ने तत्काल विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU) की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रश्मिता कौर से चर्चा कर जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद डॉ. वर्णिका शर्मा स्वयं 5 जुलाई को बिलासपुर पहुंचीं और सिरगिट्टी थाना में बालिका के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया था।

## यूसीसी पर आदिवासियों को भ्रमित कर रहे बैज: भाजपा

■ धर्मांतरण, तुष्टीकरण और अपने आदिवासी विरोधी चेहरे को छिपाने की नाकाम कोशिश कर रही कांग्रेस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और बस्तर को लेकर दिए गए बयान पर तीखा पलटवार किया है। श्री ठोकने ने कहा कि कांग्रेस और बैज यूसीसी के नाम पर प्रदेश के आदिवासियों को भ्रमित करने और उनमें डर फैलाने का घ ा ि ट य ा राजनीतिक खेल खेल रहे हैं। असलियत यह है कि कांग्रेस का चरित्र ही हमेशा से घोर आदिवासी विरोधी रहा है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठोकने ने कहा कि बैज का यह दावा पूरी तरह निराधार और हास्यास्पद है कि यूसीसी से आदिवासियों का नुकसान होगा या उनके संवैधानिक अधिकार छिन जाएंगे। कांग्रेस शासनकाल में ही बस्तर और पूरे प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध धर्मांतरण के एजेण्डे को खुली शह दी गई, जिससे आदिवासियों की मूल संस्कृति, परम्पराओं और रीति-रिवाजों को सबसे गहरा आघात पहुँचा। कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों को महज एक वोट बैंक समझकर उनका शोषण किया और धर्मांतरण कराने वाले गिरोहों को संरक्षण दिया। श्री ठोकने ने कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आदिवासियों के अधिकारों, जल-जंगल-जमीन, 5वीं अनुसूची और 'पेसा कानून' के प्रति पूरी तरह समर्पित है। भाजपा सरकार में किसी भी आदिवासी भाई-बहन के संवैधानिक अधिकारों या उनकी जमीन पर कोई आँच नहीं आ सकती।

## शराब की ओवर रेटिंग में पूरी सरकार संलिप्त है: बैज



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश में शराब धड़ल्ले से ओवर रेट में बेची जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस पूरे खेल को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। शराब की ओवर रेटिंग सरकार में बैठे हुए लोग करा रहे है। हर ब्रांड की शराब में 10 से 60 रू. तक प्रति बोतल वसूला जा रहा था। शराब के काऊंटर में बैठे लोग दावा कर रहे है कि शराब का पैसा ऊपर तक जा रहा था। यह मामला मीडिया मे आया और जनता ने विरोध किया तब जाकर कुछ अधिकारियों को सस्पेंड करने की कार्यवाही की गयी। अधिकारी तो सरकार के निर्देश पर काम कर रहे थे उन्हे बलि का बकरा बना दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकारी आंकड़ों में प्रतिदिन शराब का विक्रय 28 लाख 65 हजार बोतल है, हर बोतल में 10 से 60 रू. अधिक वसूला जा रहा है, 4 करोड़ 29 लाख प्रतिदिन अवैध वसूली, महिनें का 129 करोड़, 1548 करोड़ सालाना, विगत ढाई साल में 3870 करोड़ का शराब ओवर रेटिंग घोटाला इस सरकार ने किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठित शराब घोटाला चल रहा। हजारों करोड़ रूपये वसूली हो रही है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी तब पता चलेगा कितने बड़े-बड़े लोग शामिल है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि भाजपा के सरकार में शराब घोटाला हुआ है ईडी, सीबीआई जांच करने से क्यों घबरा रही है?







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354